# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार, 7 मई 2026

संवत 2083, जेष्ठ कृष्ण पक्ष 6 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 232, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और बंगाल चुनाव

रजनीकांत समेत कई सेलेब्स ने दी विजय को बधाई ◀◀ 6


# 11 हजार वोल्ट तार की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत, पसरा मातम

▶ सात दिन पहले ही हुई थी युवक की शादी ▶ बिजली विभाग और प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप, मुआवजे की मांग





मेट्रो रेज

**रांची:** राजधानी रांची के हिन्दपीढ़ी खेत मोहल्ला में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में शादी के महज सात दिन बाद ही एक युवक की मौत हो गई। युवक 11 हजार वोल्ट बिजली के तार की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में मातम और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों के अनुसार, मोहल्ले के ऊपर से गुजर रहा हाई वोल्टेज बिजली तार लंबे समय से खतरा बना हुआ था। कई बार शिकायत के बावजूद बिजली विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों का आरोप है कि विभाग की लापरवाही के कारण एक युवक की जान चली गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पार्षद मोहम्मद असलम मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने बिजली विभाग और प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि समय रहते तार हटाने की कार्रवाई की जाती तो यह हादसा टाला जा सकता था। पार्षद मोहम्मद असलम ने प्रशासन से मांग की कि मोहल्ले से गुजर रहे खतरनाक बिजली तारों को जल्द हटाया जाए तथा पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और सरकारी सहायता प्रदान की जाए।

घटना के बाद रांची पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंचा और मामले की जांच शुरू कर दी। वहीं मोहल्लावासियों में बिजली विभाग के प्रति भारी नाराजगी देखी गई। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे ।

### तमाड़ में दर्दनाक सड़क हादसा

## जेगो तालाब में गिरी अनियंत्रित कार, दो की मौत

### नशे की हालत में शादी समारोह से लौट रहे थे सभी

**तमाड़:** रांची जिले के तमाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत चालाड़ीह जेगो गांव के पास बीती देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहा। जानकारी के अनुसार, बीती रात लगभग 12 बजे कुछ लोग शादी समारोह से लौट रहे थे। इसी दौरान चालाड़ीह जेगो गांव के पास एक तीखी मोड़ पर कार अनियंत्रित होकर सीधे तालाब में जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों की मदद से सिल्ली बरलंगा निवासी 40 वर्षीय रिकी गुप्ता और रामगढ़ निवासी 42 वर्षीय करणजीत को



तालाब से बाहर निकाला गया। घटना की सूचना तुरंत तमाड़ पुलिस को दी गई। दोनों घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से तमाड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना में कार सवार एक अन्य व्यक्ति किसी तरह बच निकला। इधर तमाड़ पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार मोदी ने बताया कि परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है तथा पोस्टमार्टम के बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि कार सवार लोग काफी नशे की हालत में थे, जिसके कारण चालक तीखी मोड़ पर वाहन से नियंत्रण खो बैठा और कार तालाब में जा गिरी। इस दर्दनाक हादसे के बाद इलाके में शोक का माहौल है।

## जाति प्रमाण पत्र कंसीडर नहीं करने मामले में प्रार्थियों की अपील हाईकोर्ट से खारिज




मेट्रो रेज

**रांची :** जेपीएससी और जेएसएससी की विभिन्न नियुक्तियों में जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नियुक्ति की मांग को लेकर दायर अपील याचिका झारखंड हाईकोर्ट से खारिज हो गई है। मुख्य न्यायाधीश एस। एम। सोनक एवं न्यायाधीश राजेश शंकर की खंडपीठ ने नूतन इन्दवार समेत 22 अभ्यर्थियों की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया।

**इन नियुक्ति परीक्षाओं से जुड़ा है मामला:** दरअसल, यह मामला सब इंस्पेक्टर, टीजीटी, पीजीटी, दंत चिकित्सक, वायरलेस इंस्पेक्टर और रेडियो इंस्पेक्टर नियुक्ति परीक्षा से संबंधित है।

अभ्यर्थियों ने क्या कहा: प्रार्थियों की ओर से दायर अपील याचिकाओं में कहा गया था कि जेपीएससी और जेएसएससी ने विज्ञापनों में उनके जाति प्रमाण पत्र पर विचार नहीं किया और उन्हें सामान्य श्रेणी में शामिल कर दिया। अभ्यर्थियों का कहना था कि यदि उनके जाति प्रमाण पत्र पर विचार किया जाता, तो उनका चयन हो जाता, क्योंकि उन्हें कटऑफ मार्क्स से अधिक अंक प्राप्त हुए थे।

### जनसंख्या नियंत्रण और समान नागरिक संहिता पर बोले भागवत

## 'कानून तभी सफल होगा, जब जनता सहयोग करेगी'

**मैसूर:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण की नीतियों और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने के लिए जनता का सहयोग और दीर्घकालिक विचार जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि जाति आधारित राजनीति तभी खत्म होगी, जब समाज खुद जातिगत पहचान से ऊपर उठेगा।

'समाज में धर्मों-समुदायों के बीच हो सौहार्द': आरएसएस प्रमुख ने मैसूरु में 'राष्ट्रीय विकास में सामाजिक समरसता की भूमिका' विषय पर व्याख्यान के बाद आयोजित संवाद कार्यक्रम में कहा कि समाज में धर्मों और समुदायों के बीच सौहार्द होना चाहिए। उन्होंने लोगों से नारेबाजी के बजाय



बराबरी का व्यवहार करने की अपील की।

'जाति का फायदा उठाते हैं राजनेता': भागवत ने कहा, समाज जाति को याद रखता है, इसलिए राजनेता उसका फायदा उठाते हैं। उनका उद्देश्य वोट हासिल करना होता है। जब काम के आधार पर वोट नहीं मिलते, तो वे जाति के आधार पर वोट लेते हैं।

**जनसंख्या नियंत्रण विधेयक और यूसीसी पर क्या कहा? :** जनसंख्या नियंत्रण विधेयक और यूसीसी पर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि आरएसएस सरकार नहीं, बल्कि एक सामाजिक संगठन है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई भी कानून तभी सफल हो सकता है, जब जनता उसका सहयोग करे।

उन्होंने कहा, पहले लोगों को जागरूक करना जरूरी है। नीति जरूरी है, लेकिन वह जनता के सहयोग से ही सफल हो सकती है। आपातकाल के दौरान अपनाए गए जनसंख्या नियंत्रण उपायों का जिक्र करते हुए भागवत ने कहा कि सख्ती से लागू की गई नीतियों के कारण लोगों में नाराजगी और राजनीतिक विरोध पैदा हुआ था।



## प्रधानमंत्री की उपस्थिति में सम्राट कैबिनेट के 32 नए मंत्रियों ने ली शपथ

**पटना:** बिहार में सम्राट सरकार ने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए आज 32 नए मंत्रियों को शामिल किया है। राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने सभी मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले काबीना मंत्रियों में श्रवण कुमार, विजय कुमार सिन्हा, दिलीप जायसवाल, निशांत, लेसी सिंह रामकृपाल यादव, नीतीश मिश्रा ,दामोदर रावत ,संजय टाइगर, अशोक चौधरी, भगवान सिंह कुशवाहा ,अरुण शंकर प्रसाद ,मदन साहनी, संतोष कुमार सुमन, रमा निषाद, रत्नेश सादा, कुमार शैलेंद्र, शीला कुमारी ,केदार प्रसाद गुप्ता, लखन कुमार रोशन,सुनील कुमार, श्रेयसी सिंह, जमा खान, नंदकिशोर राम, शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल , डॉक्टर डॉ। प्रमोद कुमार ,श्वेता गुप्ता ,मिथिलेश तिवारी, रामचंद्र प्रसाद, संजय सिंह ,संजय कुमार और दीपक प्रकाश शामिल है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, जीतनराम मांझी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय चौधरी , उप मुख्यमंत्री विजेंद्र यादव समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

### होर्मुज स्ट्रेट पर तनाव खत्म?

## सूत्रों का दावा- अमेरिका- ईरान में नौसैनिक नाकाबंदी हटाने पर बनी ऐतिहासिक सहमति

**नई दिल्ली/एजेंसी:** खबरों के मुताबिक, अमेरिका और ईरान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी को धीरे-धीरे हटाने और इसके बदले में इसे धीरे-धीरे फिर से खोलने पर सहमति बन गई है। अल अरबिया के अनुसार, दोनों पक्षों ने गुरुवार को इस समझौते पर सहमति जताई। अमेरिका-ईरान युद्ध की शुरूआत में, ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध कर दिया था, जिससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित हुई थी।



अल अरबिया से बात करते हुए सूत्रों ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य को धीरे-धीरे फिर से खोलने के बदले में नाकाबंदी में ढील देने के संबंध में समझौते हो गए हैं। आने वाले घंटों में जलडमरूमध्य में फंसे जहाजों को मुक्त कर दिया जाएगा। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरुमध्य नहीं खोलने की स्थिति में ईरान पर और ज्यादा बमबारी करने की बुधवार को चेतावनी दी। इस बीच, युद्ध खत्म करने के लिए दोनों पक्षों के समझौते के करीब पहुंचने की खबर भी सामने आई है।

अमेरिकी मीडिया संस्थान एक्सियस की खबर में अमेरिकी अधिकारियों और दो अन्य सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि अमेरिका और ईरान युद्ध खत्म करने को लेकर एक पृष्ठ के सहमति पत्र को मंजूरी देने और विस्तृत परमाणु वाताओं के लिए एक रूपरेखा तय करने के करीब पहुंच गए हैं। खबर के अनुसार अमेरिका को उम्मीद है कि ईरान अगले 48 घंटे के अंदर विभिन्न प्रमुख बिंदुओं पर अपनी प्रतिक्रिया देगा। हालांकि खबर में यह भी कहा गया है कि अभी कुछ तय नहीं है। खबर में कहा गया है कि युद्ध शुरू होने के बाद से पहली बार दोनों पक्ष किसी समझौते के इतनी ज्यादा करीब पहुंचे हैं।

### युद्ध समाप्त करने को लेकर ईरान के साथ अच्छी बातचीत हुई है: ट्रंप



**वॉशिंगटन:** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि युद्ध समाप्त करने को लेकर ईरान के साथ अच्छी बातचीत हुई है। ट्रंप ने कहा कि पिछले 24 घंटों में अमेरिका की ईरान के साथ उस युद्ध को खत्म करने को लेकर बहुत अच्छी बातचीत हुई है, जो दो महीने से ज्यादा समय से चल रहा है। उन्होंने व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि ईरान किसी भी कीमत पर समझौता करना चाहता है।

उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, वे समझौता करना चाहते हैं। पिछले 24 घंटों में हमारी बहुत अच्छी बातचीत हुई है और यह पूरी तरह मुमकिन है कि हम कोई समझौता कर लें। ट्रंप ने कहा कि अगर अमेरिका अभी ईरान को छोड़ देता है, तो देश को फिर से खड़ा होने में 20 साल लग जाएँगे, क्योंकि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के हमलों से उसे भारी नुकसान पहुंचा था।

### ऑरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ, बोले प्रधनमंत्री-

## ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया, सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है। पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि पूरा राष्ट्र हमारे बलों के शौर्य को सलाम करता है। पीएम मोदी ने कहा, एक वर्ष पहले हमारे सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अद्वितीय साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया था। उन्होंने उन लोगों को करारा जवाब दिया जिन्होंने पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर हमला करने का दुस्साहस किया था। पूरा राष्ट्र हमारे बलों के शौर्य को सलाम करता है। प्रधानमंत्री ने



कहा।,ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाया इसने हमारे सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमता, तैयारी और समन्वित शक्ति को भी उजागर किया। साथ ही, इसने हमारे बलों के बीच बढ़ती संयुक्तता को प्रदर्शित किया और यह रेखांकित किया कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की भारत की खोज ने हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को कितनी मजबूती प्रदान की है।



## जंगली हाथी ने मचाया उत्पात, मकान तोड़ा, खाया अनाज

**रनिया:** रनिया प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार देर रात करीब 11 बजे एक जंगली हाथी ने डिगरी केरागड़ा गांव में जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने किसान नामजन तोपनो और जसमन तोपनो के कच्चे खपरैल मकानों को तोड़ दिया तथा घर में रखे धान, चावल और अन्य खाद्य सामग्री को खा गया।

घटना के बाद पीड़ित परिवारों के सामने बड़ी परेशानी खड़ी हो गई है। हाथी के हमले से दोनों परिवारों को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार, जंगली हाथी लगातार रनिया प्रखंड के गांवों में घुसकर लोगों के घरों और फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

बताया जा रहा है कि बीते एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार केरागड़ा गांव में हाथी ने उत्पात मचाया है। लगातार हो रही घटनाओं से स्थानीय निवासी भय और चिंता में हैं। पीड़ित परिवारों ने वन विभाग को घटना की सूचना देकर उचित मुआवजे की मांग की है। वहीं ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों के आतंक से सुरक्षा दिलाने और स्थायी समाधान की मांग की है।

## अवैध ईंट भट्ठों का धंधा बेखौफ गांवों के बीच धधक रही चिमनियां



**चतरा:** जिले में अवैध रूप से संचालित चिमनी और बांग्ला ईंट भट्ठों का कारोबार लगातार फैलता जा रहा है। जिले के कई प्रखंडों में बिना वैध अनुमति और पर्यावरणीय मानकों की अनदेखी करते हुए ईंट भट्ठों का संचालन किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि कई भट्ठे गांवों के बिल्कुल बगल या आबादी से सटे इलाकों में चल रहे हैं, जिससे आसपास रहने वाले लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इन भट्ठों से निकलने वाला धुआं और राख हवा में घुलकर वातावरण को जहरीला बना रहा है। इसका असर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के स्वास्थ्य पर साफ दिखाई दे रहा है। लोगों में खांसी, सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। किसानों का भी आरोप है कि भट्ठों की गर्मी और प्रदूषण से खेती प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन को इसकी जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। सूत्रों के अनुसार, भट्ठा संचालकों द्वारा मोटी रकम पहुंचाए जाने की चर्चा भी इलाके में है, जिसके कारण कार्रवाई ठंडे बस्ते में चली जाती है। हालांकि इन आरोपों की पुष्टि नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध रूप से चल रहे ईंट भट्ठों की जांच कर कार्रवाई की जाए और आबादी वाले क्षेत्रों से इन्हें हटाया जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते रोक नहीं लगी तो आने वाले दिनों में स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों पर गंभीर असर पड़ सकता है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले पर क्या कदम उठाता है या फिर अवैध भट्ठों का यह कारोबार यूं ही चलता रहेगा।

## युवक की सड़क हादसे में मौत, बहनें गंभीर



**नाना के श्राद्धकर्म में शामिल होने जा रहे थे तीनों**

**चतरा:** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के गोडवाली गांव के बाढ़ो पासवान के 20 वर्षीय पुत्र साजन नीतीश कुमार की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार को युवक अपने दो बहनों के साथ एक ऑटो पर सवार होकर अपने नाना के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने बिहार के गया जी जिले के डोभी थाना क्षेत्र के मखरौर जा रहा था। इस दौरान डोभी थाना क्षेत्र के चतरा - डोभी मुख्य पथ कोसमा गांव के समीप ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई।। जिससे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उसकी दोनों बहनें 20 वर्षीय बहन गुडिया कुमारी और 18 वर्षीय प्रीति कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। बिहार के डोभी थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज भेज दिया और इसकी सूचना परिजनों को दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में मातम पसरा गया। युवक का शव जैसे ही बुधवार शाम गांव लाया गया परिजनों के चीख चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि युवक घर का अकेला कमाऊ सदस्य था। फिलहाल दोनों बहने जिंदगी और मौत के बीच गया मगध मेडिकल कॉलेज में झुझ रहे हैं।

## एसआईआर को लेकर झारखंड तंजीम पहुंचा चुनाव आयोग, पारदर्शिता के साथ रक्फ़कराने का किया आग्रह

**रांची:** झारखंड में मतदाता गहन पुनरीक्षण यानी रक्फ़ शुरू होने से पहले इसको लेकर सवाल उठने लगे हैं। मुस्लिम संगठन झारखंड तंजीम ने चुनाव आयोग को लिखित ज्ञापन देकर बिहार और बंगाल में मतदाताओं के जिस तरह से नाम कटे हैं, उसे देखते हुए झारखंड में पूरी पारदर्शिता के साथ मतदाता की पहचान करने का आग्रह किया है। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए झारखंड तंजीम के अध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि एसआईआर में आधार नंबर अनिवार्य किए जाने से मतदाताओं की सही पहचान हो सकेगी। उन्होंने कहा कि नाम जोड़ने, जांच करने और आपत्ति सुनने के लिए कम से कम तीन से चार महीने का समय दिया जाए और बीएलओ को बिना जल्दबाजी किए काम करने का समय दिए जाए। इसके अलावा किसी भी मतदाता का नाम बिना कारण बताए वोटर लिस्ट से नहीं काटा जाए और जिसका नाम काटे उसे गांव मोहल्ला और वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से लगाया जाए।

**फॉर्म-6 हो ऑनलाइन और ऑफलाइन:** झारखंड तंजीम झारखंड तंजीम ने नाम जोड़ने की प्रक्रिया को आसान बनाने का आग्रह करते हुए कहा है कि फॉर्म-6 ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से भरने की व्यवस्था की जाए।

### मुख्यमंत्री ने राज्य में कानून-व्यवस्था मजबूत करने को लेकर अधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक

# क्राइम, ड्रग्स और लापता बच्चों पर फोकस

**संवाददाता**



**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने को लेकर अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने साफ निर्देश दिए कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय रहे तथा किसी भी तरह की लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कानून-व्यवस्था की स्थिति पर लगातार निगरानी रखने और आम जनता की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

**अपराध नियंत्रण पर सख्त निर्देश:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि राज्य में अपराध से जुड़े महत्वपूर्ण मामलों को चिन्हित कर उनकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने लापता बच्चों और महिलाओं के मामलों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों को प्राथमिकता देते हुए सभी लापता बच्चों और महिलाओं की सुरक्षित बरामदगी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि राज्य में आम जनता को भयमुक्त वातावरण देना सरकार की प्राथमिकता है।

**नशीले पदार्थों के नेटवर्क पर कड़ी कार्रवाई:** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नशीले पदार्थों के कारोबार के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि ड्रग्स सप्लाई चेन को पूरी तरह तोड़ना जरूरी है। इसके लिए उन स्थानों को चिन्हित किया जाए जहां नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री होती है और संबंधित अपराधियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने विशेष रूप से स्कूल, कॉलेज और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के आसपास निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए, जहां युवाओं की अधिक भीड़ रहती है।

**अफीम की खेती पर रोक लगाने के निर्देश:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य में अफीम की खेती को हर हाल में रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने खूंटी, चतरा और रांची जिलों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा। साथ ही लोगों को जागरूक करने और लगातार मॉनिटरिंग करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के एसपी, डीएसपी और थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे तय समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें और आम जनता से संवाद बनाए रखें। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित समाधान किया जाए। इसके साथ ही शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों का नियमित दौरा करने और औचक निरीक्षण करने पर भी जोर दिया, ताकि पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत हो सके।

**संगठित अपराध पर सख्ती:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में संगठित अपराध पर हर हाल में रोक लगाई जाए। इसके लिए सरकार पुलिस प्रशासन को हर संभव संसाधन और सहयोग दे रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों में बेहद सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर भू-माफियाओं को संरक्षण नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहरों से सटे क्षेत्रों में भूमि संबंधी अपराध बढ़ रहे हैं, इसलिए ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**हिरासत में संवेदनशीलता बरतने के निर्देश:** मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि हिरासत के दौरान किसी भी प्रकार की यातना या मौत की घटनाओं को सरकार गंभीरता से लेगी। इसलिए पुलिस को हर स्तर पर संवेदनशीलता के साथ काम करना होगा। इस उच्च स्तरीय बैठक में राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी मति तदाशा मिश्रा सहित सभी जोनल आईजी, रेंज डीआईजी, सभी जिलों के वरीय पुलिस अधीक्षक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस बैठक के जरिए मुख्यमंत्री ने साफ कर दिया कि राज्य में कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और आम जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है।

## करंट लगने से हाथी की दर्दनाक मौत, जंगल में मिला शव, फैली सनसनी, जांच शुरू



**संवाददाता**

**सरायकेला:** खरसावां से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है, जहां एक विशालकाय जंगली हाथी की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। चांडिल वन क्षेत्र के कुकड़ू प्रखंड में तिरूलडीह और सापारूम गांव के बीच सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब ग्रामीणों ने खेत के पास हाथी का शव पड़ा देखा। हाथी के शरीर पर बिजली का तार लिपटा मिला, जिससे करंट लगने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग, बिजली विभाग और पशु चिकित्सा टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। सवाल उठ रहा है कि आखिर इस मौत का जिम्मेदार कौन है? क्या बिजली विभाग की लापरवाही ने एक और बेजुबान की जान ले ली? बताया जा रहा है कि देर रात जंगली हाथी भोजन की तलाश में जंगल से गांव की ओर आया था। इसी दौरान वह खेतों के पास बिछे बिजली के तार की चपेट में आ गया। करंट इतना तेज था कि हाथी की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह जब ग्रामीण खेत पहुंचे तो विशाल हाथी का शव देखकर इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की खबर फैलते ही आसपास के गांवों से सैकड़ों लोग मौके पर जुट गए। वन विभाग की टीम ने इलाके को घेरकर जांच शुरू की। बिजली विभाग के सहायक अभियंता और पशु चिकित्सा पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे। हाथी के शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है ताकि मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सके। यह घटना एक बार फिर वन्यजीवों की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा कर रही है। आखिर जंगलों और गांवों के बीच फैले बिजली के तार कब तक वन्यजीवों के लिए मौत का जाल बनते रहेंगे? स्थानीय लोगों ने दोषियों पर कार्रवाई और वन्यजीव सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग की है।

फिलहाल वन विभाग पूरे मामले की जांच में जुटा है। अब देखना होगा कि इस दर्दनाक मौत के पीछे लापरवाही सामने आती है या नहीं।

## जैक इंटरमीडिएट रिजल्ट: जीशू राज ने आर्ट्स संकाय में प्रथम श्रेणी प्राप्त किया



**संवाददाता**

**रांची:** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा में मारवाड़ी हाई स्कूल की छात्रा एवं शहर के प्रख्यात जनरल फिजिशियन डॉ. एम. हसनैन की पुत्री जीशू राज ने आर्ट्स संकाय में प्रथम श्रेणी प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का नाम गौरवान्वित किया है।

जीशू राज की इस उपलब्धि से परिवार में हर्ष का माहौल है। उनकी माता केआर. सारिका ने बेटी की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि यह उसकी कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है।

जीशू राज ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और मार्गदर्शकों को देते हुए कहा कि नियमित अध्ययन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से ही यह सफलता संभव हो सकी।

विद्यालय परिवार एवं स्थानीय लोगों ने जीशू राज को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। बधाई देने वालों में अकीलुर रहमान, पत्रकार नवल किशोर सिंह, पत्रकार आदिल रशीद, पत्रकार केवी विनोद, मुख्तार खान लालू, सैयद नेहाल अहमद, समेत कई लोग हैं।

### अंशकालिक शिक्षकों का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन जारी

## जेएलकेएम नेता देवेंद्र नाथ महतो ने दिया समर्थन

### सकारात्मक परिणाम तक आंदोलन जारी रहेगा: प्रो शशोधर महतो



**संवाददाता**

**मुरी:** झारखंड के कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित आवासीय विद्यालयों में कार्यरत अंशकालिक शिक्षकों का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन आज छठे दिन भी जारी है। शिक्षक अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 1 मई से लोक भवन के समक्ष शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे है

आंदोलनरत शिक्षकों को समर्थन देने झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नेता देवेंद्र नाथ महतो धरनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों की मांगों को जायज बताते हुए सरकार से शीघ्र सकारात्मक पहल करने की अपील की।

श्री महतो ने कहा कि अंशकालिक शिक्षक पिछले 10 वर्षों से पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ अध्यापन कार्य कर रहे हैं। उनके अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि इन विद्यालयों का परीक्षा परिणाम लगातार उत्कृष्ट, यहां तक कि कई बार 100 प्रतिशत रहा है। इसके बावजूद एक दशक बीत जाने के बाद भी शिक्षकों के मानदेय में कोई वृद्धि नहीं होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं शोषणकारी है।

**न्यायालय के आदेश की अवहेलना का आरोप:** आंदोलनरत शिक्षकों ने आरोप लगाया कि उच्च न्यायालय द्वारा दिवाकालीन पहाड़िया आवासीय विद्यालयों की तर्ज पर अंशकालिक शिक्षकों के लिए एकमुश्त मानदेय निर्धारित करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन विभाग एवं सरकार द्वारा अब तक इस आदेश का पालन नहीं किया गया है।

बताते चलें कि शिक्षकों का सेवा विस्तार 31 मार्च 2026 को समाप्त हो चुका है, जिससे राज्य के सैकड़ों शिक्षकों के समक्ष आजीविका एवं भविष्य को लेकर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।

शिक्षक संघ के महासचिव प्रोफेसर शशोधर महतो ने जानकारी देते हुए कहा कि अपने लिखित मांगों को विभागीय मंत्रालय को सौंपा गया है। जब तक सरकार हमारी मांगों पर ठोस एवं सकारात्मक निर्णय नहीं लेती, तब तक यह अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। उन्होंने सरकार से अविलंब हस्तक्षेप कर शिक्षकों की मांगों को पूरा करने की मांग की है। बताते चलें की इस अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में प्रोफेसर सशोधर महतो, संदीप कुमार महतो, प्रतिमा कुजूर, पंकज कुमार, प्रदीप नाग, संदीप सिंह, अभिषेक नायक, नीरज कुमार, नमिता कुमारी आदि शिक्षक डटे हुए हैं।

## पारिवारिक विवाद में भाई ने की भाई की हत्या

### भाई, भाभी व एक अन्य हिरासत में



**संवाददाता**

**चतरा:** जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र के कोनी पँचायत के पकरिया कला गांव में आपसी विवाद में एक युवक की हत्या कर दी गई । मृतक की पहचान पकरिया कला के ही 32 वर्षीय युवक संतोष भुइँया के रूप में की गई। हालांकि थाना प्रभारी अभषेक कुमार सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे है । इस मामले में तीन लोगो को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है । उम्मीद है कि हर मामले को सुलझाने वाले थाना प्रभारी इस मामले को भी जल्द सुलझा लेंगे। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेजा गया है। इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि निर्दोष फँसेगा नही दोषी बचेगा नही, हर पहलू पर जांच हो रही है । इधर घटना को लेकर मुखिया रंजय भारती ने कहा कि दुःखद घटना है। फिलहाल मृतक के भाई भाभी व एक अन्य को हिरासत में लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

बदला मौसम का मिजाज

# रांची सहित कई जिलों में तेज हवा के साथ हुई बारिश

## आठ मई तक तेज बारिश की संभावना, पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक वर्षा सिमडेगा में हुई

मेट्रो रेज



**रांची :** झारखंड में मौसम लगातार करवट बदल रहा है। बीते कुछ दिनों से कई इलाकों में बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया है, लेकिन तापमान में उतार-चढ़ाव भी देखने को मिल रहा है। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा बारिश सिमडेगा में रिकॉर्ड की गई, जहां 34.2 मिमि बारिश दर्ज हुई। वहीं गुमला में बुधवार को 1 मिमि बारिश हुई। इसके बावजूद राज्य के लगभग सभी जिलों में तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिसमें रांची का अधिकतम तापमान 32डिग्री, मेदिनीनगर का 36.2 डिग्री, जमशेदपुर का 34.8 डिग्री और बोकारो का 34.1डिग्री दर्ज किया गया।

**7 और 8 मई का मौसम कैसा रहेगा:** मौसम विभाग के अनुसार 7 और 8 मई को झारखंड के उत्तर-पश्चिमी हिस्से (गढ़वा, चतरा, पलामू, लातेहार) को छोड़कर बाकी जिलों में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। छह जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। इस दौरान 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। रांची और आसपास के क्षेत्रों में अधिकतम तापमान करीब 33डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री रहने का अनुमान है।

**9 से 12 मई तक मौसम का पूर्वानुमान:** मौसम विभाग के मुताबिक 9 और 10 मई को राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ बारिश हो सकती है। 11 मई को उत्तर-पश्चिमी हिस्सों को छोड़कर बाकी इलाकों में बादल छाए रहेंगे और कहीं-कहीं बारिश की संभावना बनी रहेगी। वहीं 12 मई तक पूरे झारखंड में आसमान में बादल छाए रहने का अनुमान है। इस दौरान कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश भी हो सकती है और तेज हवाएं (40-50 किमी/घंटा) चलने की संभावना है।

मंडा पूजा का भव्य आयोजन

# भोक्ताओं ने अंगारों पर नंगे पाव चल कर भक्ति और शक्ति का दिया परिचय

## पूजा के सफल आयोजन को लेकर पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

मेट्रो रेज



**रांची:** शिव मंडा पूजा समिति, नरकोपी, मुकुंदा, रांची में भव्य मंडापूजा का आयोजन हुआ। जिसमें काफी संख्या में भोक्ता गण आग के अंगारों पर नंगे पाव चल कर भक्ति और शक्ति का परिचय दिया। आज झूलन का कार्यक्रम संपन्न होगा । रात में सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कई सालों से हमारी संस्कृति की पहचान छऊ नृत्य यहां पर बंद थी, उसे केंद्रीय मण्डा पूजा समिति, झारखंड के पदाधिकारियों एवं शिव मण्डा पूजा समिति, नरकोपी के संरक्षक अजय साहू एवं अध्यक्ष महावीर साहू के नेतृत्व में फिर से शुरू किया गया। जिसका उद्घाटन केंद्रीय अध्यक्ष राजकुमार महतो ने किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मंडा पूजा हमें विरासत में अपने पूर्वजों व यहां के राजाओं द्वारा में मिली है। इस पूजा में सभी जातियों को जोड़कर एक सूत्र में पिरोने का काम किया गया है। इसे बचाने में हम युवाओं को आगे आना होगा तभी हम अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा कर सकते हैं। केंद्रीय मंडा

पूजा समिति, झारखंड की ओर से सफल आयोजन के लिए समिति की ओर से सभी पदाधिकारियों को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में केंद्रीय मण्डा पूजा समिति के महासचिव उदय पासवान ,उपाध्यक्ष भोला चौधरी, तपन महतो, अमित साहू सहित सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए।

# सदर अस्पताल में मरीज की मौत पर हंगाम परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप



संवाददाता

**रांची:** राजधानी रांची के सदर अस्पताल में एक मरीज की मौत के बाद इलाज की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। बुढ़मू निवासी संतोष कुमार साहू की मौत को लेकर परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।

**क्या है मामला?**

संतोष कुमार साहू को अचानक पेट में तेज दर्द हुआ, जिसके बाद वह मंगलवार की रात करीब 11 बजे खुद गाड़ी चलाकर रांची के सदर अस्पताल पहुंचे। अस्पताल पहुंचने के बाद उन्हें बताया गया कि इमरजेंसी में बेड उपलब्ध नहीं है। चिकित्सा कर्मियों ने उनकी प्राथमिक जांच-पड़ताल करते हुए मरीज को पीलिया बताया, इसके बाद उन्हें पांचवां तल्ला पर वार्ड में एडमिट करने को भेज दिया गया। जब वह वहां गए तो वहां भी उन्हें बिस्तर उपलब्ध नहीं कराया गया। इसके बाद उनके परिजन बाहर के रेडियोलॉजी सेंटर ले जाकर उनका अल्ट्रासाउंड कराया। बुधवार सुबह के बाद उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिजन उन्हें वापस दिन में एक बजे के करीब अस्पताल में दाखिल कराया।

**मौत के बाद परिजनों का हंगामा :** अस्पताल के इमरजेंसी में लाने के बाद उनकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन ने नाराजगी जताई और मौके पर मौजूद मेडिकल स्टाफ से उपचार में लापरवाही बरतने की शिकायत करने लगे। अस्पताल में दो घंटे तक हंगामा चलता रहा।

**उपाधीक्षक पहुंचे, कराया शांत :** हंगामा की सूचना पाकर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ विमलेश कुमार सिंह अन्य पदाधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझा-बूझाकर शांत कराने की कोशिश की। उन्होंने परिजनों की शिकायत के बाद शव का पोस्टमार्टम कराने को निर्देश दिए। इसके बाद मौके पर मौजूद पवन कुमार साहू, पिता बासुदेव साहू और प्रदीप महतो ने शिकायत वापस ले ली। अस्पताल प्रबंधन ने उनके शव को परिजनों के कहने पर निवास स्थान तक पहुंचाया।

# फ्रेंड्स ऑफ वीकर सोसाइटी ने दो मेधावी छात्राओं को दी छात्रवृत्ति

## गरीबी को मात देकर रुक्सार और सबा ने रचा सफलता का इतिहास

गुलाम शाहिद



**रांची :** फ्रेंड्स ऑफ वीकर सोसाइटी, रांची की ओर से शुक्रवार को आयोजित एक कार्यक्रम में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की दो होनहार छात्राओं को सम्मानित करते हुए छात्रवृत्ति प्रदान की गई। संस्था ने अपने ह्लतालीमी तरक्कीह्ल एवं शिक्षा को सम्मान अभियान के तहत यह सराहनीय पहल की।

पुंदाग निवासी रुक्सार परवीन ने वर्ष 2026 की 10वीं बोर्ड परीक्षा में 96.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार, इलाके और समाज का नाम रोशन किया है। रुक्सार के पिता राजमिस्त्री हैं, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी बेटी की पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी। रुक्सार की आगे की पढ़ाई के लिए संस्था ने उसेर्लाइन कॉन्वेंट इंटर कॉलेज में नामांकन हेतु 20 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की।

वहीं दूसरी छात्रा सबा परवीन ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 97.40 प्रतिशत अंक हासिल कर शानदार सफलता प्राप्त की। सबा के पिता फुटपाथ पर फेरी लगाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने बेटी की शिक्षा को हमेशा प्राथमिकता दी। संस्था ने सबा परवीन को प्रोत्साहन स्वरूप 15 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की, जिससे उनका संत अलोइस इंटर कॉलेज में दाखिला सुनिश्चित हो सका। इस अवसर पर फ्रेंड्स ऑफ वीकर सोसाइटी के अध्यक्ष तनवीर अहमद ने कहा कि शिक्षा ही वह ताकत है, जो इंसान को हर कठिनाई से निकालकर सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि दोनों छात्राओं की उपलब्धि समाज के लिए प्रेरणादायक है। सोसाइटी के सरपरस्त इरशाद अहमद ने कहा कि गरीबी कभी भी प्रतिभा और मेहनत के रास्ते में बाधा नहीं बन सकती, यदि इंसान के भीतर आगे बढ़ने का जज्बा हो। महासचिव कमर सिद्दीकी ने कहा कि संस्था लगातार समाज के कमजोर तबके के प्रतिभाशाली बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही है। संस्था का उद्देश्य ऐसे बच्चों को पहचान और सहयोग देकर उनके सपनों को नई उड़ान देना है।

कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष तनवीर अहमद, सरपरस्त एवं स्टेयरिंग कमिटी सदस्य इरशाद अहमद, महासचिव कमर सिद्दीकी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# प्रेमचंद महतो इंटर कॉलेज मेसरा का उत्कृष्ट प्रदर्शन

संवाददाता

**मेसरा:** प्रेमचंद महतो इंटर कॉलेज मेसरा का इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम बेहतर रहा। कला संकाय में 297 परीक्षार्थी में 185 प्रथम, 89 द्वितीय व 12 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विज्ञान संकाय में 95 परीक्षार्थी में से 68 प्रथम व 14 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वाणिज्य संकाय में सात परीक्षार्थी में सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। कला संकाय में नसरीन परवीन 90.2 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी। वहीं द्वितीय स्थान सिद्धि कुमारी 87%, लक्ष्मी कुमारी 85.2% अंक प्राप्त की। विज्ञान संकाय में नजीरा परवीन 86.6%अं क लाकर टॉपर बनी। द्वितीय सौरव पांडेय 82.2% व तृतीय कृष्ण कुमार 81.6% तथा वाणिज्य संकाय में आयुष राज 70% अंक लाकर अपने संकाय में टॉपर बना। द्वितीय देव कुमार राज 67.8% व तृतीय अक्षत कुमार 62.8 % अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किये। कॉलेज के सचिव संजय कुमार महतो व प्राचार्य उमेश यादव ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


**पुलिस अधीक्षक कार्यालय, खूँटी।**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि दिनांक–26.02.26 को खूँटी थानान्तर्गत तोरपा रोड रोवेन्य के स्कूल के पास अज्ञात मृत व्यक्ति उम्र करीब 34 वर्ष मृत अवस्था में पाया गया जिसे देखने देखने एवं आसपास के लोगों के बताए अनुसार मानसिक रूप से विक्षिप्त एवं लू लगने के कारण मृत्यु होना प्रतीत होता है जिसके संबंध में आसपास के स्थानीय लोगों से पहचान कराने एवं उसके परिजनों का पता करने का काफी प्रयास किया गया परन्तु अभी तक पहचान नहीं हो पाया है तथा इसके परिजनों का भी पता नहीं चल सका है। इस संबंध में खूँटी थाना यू0डी0 कांड सं0–15/26, दिनांक–27.04.26 दर्ज किया गया है।

अज्ञात मृत व्यक्ति का विवरणः–

1. नाम–अज्ञात मृत व्यक्ति, उम्र करीब 34 वर्ष।
2. रंग–साँवला, बाल–काला,
3. चेहरा–धुप से काला हुआ।
4. लम्बाई–05 फीट, 2 इंच।
5. आँख–हल्का बंद।

पहनावा–हरा रंग का टी–शर्ट, सफेद एवं भूरा रंग का गंजी, मैरून रंग का ट्राउजर, दाहिने हाथ में नीली धागा एवं दाहिने हाथ में रिंग फिंगर में अंगूठी पहना हुआ।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अज्ञात मृत व्यक्ति के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलम्ब सूचित करेंगें।

| | | |
|---|---|---|
| पुलिस अधीक्षक, खूँटी | – | 9431706116 |
| पुलिस उपाधीक्षक(मु0), खूँटी | – | 8102091180 |
| थाना प्रभारी, खूँटी | – | 9431706196 |
| डी0सी0बी शाखा, खूँटी | – | 8340655295 |

ह0/–
पुलिस अधीक्षक,
खूँटी।

PR 379170 (Police) 26-27 (D)


# बंगाल में कुशासन का अंत, विकास युग की शुरूआत: नमन भारतीय

मेट्रो रेज



**रांची:** भाजपा युवा नेता एवं समाजसेवी नमन कुमार भारतीय ने पश्चिम बंगाल की राजनीति पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राज्य की जनता अब बदलाव चाहती है और विकास, सुशासन तथा पारदर्शिता के पक्ष में अपना समर्थन दे रही है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक चले कुशासन, भ्रष्टाचार और हिंसा की राजनीति से परेशान जनता ने अब विकास के एजेंडे को प्राथमिकता दी है।

नमन कुमार भारतीय ने कहा कि यह जनादेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और भाजपा की राष्ट्रहित वाली सोच पर जनता के भरोसे को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जनता ने साफ संकेत दिया है कि अब राजनीति सिर्फ वादों से नहीं, बल्कि विकास और काम के आधार पर होगी। उन्होंने आगे कहा कि डबल इंजन की सरकार बनने से पश्चिम बंगाल में आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और उद्योग के क्षेत्र में तेजी से विकास होगा। केंद्र और राज्य सरकार के बेहतर समन्वय से युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे तथा महिलाओं और किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा। भाजपा युवा नेता एवं समाजसेवी भारतीय ने कहा कि बंगाल की जनता ने लोकतंत्र को मजबूत करने का काम किया है और आने वाले समय में राज्य देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल शांति, सुरक्षा और विकास के नए युग में प्रवेश करेगा और साथ ही उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता की मेहनत और जनता के विश्वास ने यह ऐतिहासिक माहौल तैयार किया है।

# नेशनल हाईवे पर भीषण हादसा, 22 वर्षीय युवक की मौत, भड़के लोगों ने किया हंगामा



संवाददाता

**बोकारो:** जिले के पिंडरा जोरा थाना क्षेत्र के बोकारो-पुरुलिया मुख्य मार्ग एनएच-32 पर चास कॉलेज के आगे कांड्रा के समीप एचपी तेल टैंकर के धक्का से एक मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई।

**आक्रोशित लोगों ने एनएच 32 को किया जामः** पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार 22 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पिण्ड्राजोरा थाना पुलिस पहुंची। मृतक की पहचान पिण्ड्राजोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुमारदागा पंचायत के रानी चिड़िया निवासी अकलू कुम्हार के पुत्र दीजोपद के रूप में हुई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने एनएच 32 को जाम कर दिया। मुआवजे की मांग को लेकर करीब एक घंटे सड़क जाम रहा। बताया जाता है कि दीजोपद अपनी बाइक से चास की ओर आ रहा था। इस दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार टैंकर ने उसे टक्कर मार दी।

घटना के बाद जुटे आसपास के ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग करते हुए एनएच 32 जाम कर दिया। जाम के कारण एनएच पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। तनावपूर्ण माहौल को शांत करने और एनएच पर यातायात सुचारू रूप से आरंभ करने के लिए पुलिस व अन्य अधिकारी ग्रामीणों से लगातार वार्ता करते रहे। सरकारी कायदा-कानून के तहत मृतक के परिजनों को मुआवजा व टैंकर चालक पर कार्रवाई का भरोसा मिलने पर एनएच से शव उठाया गया।

# पत्रकारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर आवाज को बुलंद करेंगे: असरफ खान



**रांची,:** भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा असरफ खान को सदस्य बनाए जाने पर संगठन में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी और रांची जिला अध्यक्ष मोहम्मद जावेद अख्तर ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी ने कहा कि असरफ खान के जुड़ने से संगठन को मजबूती मिलेगी और पत्रकारों की आवाज को प्रभावी मंच मिलेगा। जिला अध्यक्ष मोहम्मद जावेद अख्तर ने विश्वास जताया कि उनकी सक्रियता से संगठन को नई दिशा प्राप्त होगी। इस मौके पर असरफ खान ने कहा– ह्लमैं भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ का आभार व्यक्त करता हूं। पत्रकारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर आवाज को बुलंद करना मेरी प्राथमिकता रहेगी। ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए संगठन के सम्मान को सर्वोपरि रखूंगा।उन्होंने आगे कहा कि पत्रकारिता समाज की सशक्त आवाज है और इसके मूल्यों को बनाए रखना आवश्यक है। अंत में असरफ खान ने प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी, रांची जिला अध्यक्ष मोहम्मद जावेद अख्तर तथा संगठन के सभी पदाधिकारियों के प्रति धन्यवाद प्रकट किया।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi**
**E-mail : eedwsd.ranchiwest@gmail.com**

**Short Tender Notice Inviting e-quotation**

**Notice No. - DWSD/Ranchi/SOR/01/2025-26 dated : 06.05.2026 (4th Call)**
**PR No. – 373372 (Drinking Water & Sanitation) 2025-26**

Government of Jharkhand through its Public Works Department (PWD) is engaged in framing / revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for rate of items / materials annexed as Annexure-1 for Construction Works from Reputed Manufacturers having valid GSTIN of materials. The rates conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different civil construction / infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website https://Jharkhandtenders.gov.in. Details of material and its Specifications are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 07.05.2026 (10:30 hrs.) to 14.05.2026 (16:00 hrs.). The quotation will be opened on 14.05.2026 at 17.00 Hours.

**Executive Engineer**
**DW&S Division, Ranchi West,**
**Ranchi**

PR 379144 (Drinking Water and Sanitation) 26-27 (D)

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## स्वदेशी शक्ति से वैश्विक होता भारत का रक्षा क्षेत्र: अहम है डीआरडीओ का योगदान

भारत का रक्षा क्षेत्र आज वहां आ पहुंचा है, जहां तकनीक, अनुसंधान और स्वदेशी क्षमताएं राष्ट्रीय शक्ति का नया आधार बनती जा रही हैं। हाल के वर्षों में सरकार ने रक्षा अनुसंधान को नीति के केंद्र में स्थापित किया है, जिससे देश की सुरक्षा व्यवस्था अधिक सशक्त, आधुनिक और आत्मनिर्भर बन रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा व्यक्त विचार इस दिशा में स्पष्ट संकेत देते हैं कि आने वाला समय तकनीकी श्रेष्ठता का होगा और भारत इस दौड़ में पीछे रहने वाला देश नहीं है। वस्तुतः आज केंद्र सरकार द्वारा रक्षा अनुसंधान एवं विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देना एक दूरदर्शी कदम माना जा सकता है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा अब तक 2,200 से अधिक तकनीकों का उद्योगों को हस्तांतरण इस बात का प्रमाण है कि देश में शोध और उत्पादन के बीच मजबूत पुल तैयार हो चुका है। इस प्रक्रिया ने रक्षा उत्पादन को गति दी है और निजी क्षेत्र को भी नए अवसर प्रदान किए हैं। अनुसंधान पर निरंतर ध्यान बनाए रखना भविष्य के युद्धों में बढ़त दिलाने वाला कारक बन सकता है।

रक्षा अनुसंधान एवं विकास बजट का 25 प्रतिशत हिस्सा उद्योगों, अकादमिक संस्थानों और स्टार्टअप्स के लिए निर्धारित किया जाना एक क्रांतिकारी पहल है। इन संस्थाओं द्वारा 4,500 करोड़ रुपए से अधिक का उपयोग यह दर्शाता है कि देश में नवाचार की ऊर्जा तेजी से बढ़ रही है। इससे एक ओर जहां नई तकनीकों का विकास संभव हुआ है, वहीं युवाओं को भी रक्षा क्षेत्र में योगदान देने का अवसर मिला है।

नई टेक्नोलॉजी ट्रांसफर नीति के तहत शुल्क समाप्त करना उद्योगों के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन साबित हुआ है। इससे विकास और उत्पादन में साझेदारी को बढ़ावा मिला है। साथ ही पेटेंट्स को मुफ्त उपलब्ध कराने की नीति ने तकनीकी विकास को नई गति दी है। परीक्षण सुविधाओं को उद्योगों के लिए खोलना भी सहयोगात्मक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यही कारण है कि भारत अब डायरेक्टेड एनर्जी वेपन्स, हाइपरसोनिक हथियार, क्वांटम तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ये तकनीकें भविष्य के युद्धों की दिशा तय करेंगी। इन क्षेत्रों में निवेश और अनुसंधान भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना रहे हैं। हमने पिछले साल देखा भी है कि ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों में स्वदेशी तकनीकों का सफल उपयोग देश की बढ़ती सैन्य क्षमता को दशार्ता है। आकाशतीर, आकाश मिसाइल सिस्टम और ब्रह्मोस जैसी उन्नत प्रणालियां इस बात का प्रमाण हैं कि भारत अब आत्मनिर्भर रक्षा शक्ति बनने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। यह उपलब्धि हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है।

इसके साथ ही कहना होगा कि भारत के लिए वित्त वर्ष 2025-26 में रक्षा उत्पादन का 1.54 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। रक्षा निर्यात का 38,424 करोड़ रुपए तक पहुंचना इस बात का संकेत है कि भारत अब वैश्विक बाजार में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। पिछले एक दशक में 174 प्रतिशत की वृद्धि और निर्यात में कई गुना विस्तार देश की बदलती पहचान को दशार्ता है। जिसमें कि रक्षा निर्यात में निजी क्षेत्र का लगभग 15,000 करोड़ रुपए का योगदान इस क्षेत्र में आए बड़े बदलाव को दर्शा रहा है। अब रक्षा निर्माण सरकारी संस्थानों की पहुंच से आगे उद्योगों और स्टार्टअप्स की सक्रियता में एक व्यापक इकोसिस्टम बन चुका है। स्वभाविक तौर पर इससे नवाचार और प्रतिस्पर्धा दोनों को बढ़ावा मिला है।आज इनोवेशंस फॉर डिफेंस एक्सीलेंस, एडीआईटीआई और टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट फंड जैसी योजनाएं रक्षा क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार कर रही हैं। इन पहलों ने युवाओं और उद्यमियों को रक्षा तकनीकों के विकास में भाग लेने का अवसर दिया है। इससे देश में नवाचार की संस्कृति मजबूत हो रही है। ऐसे में यह भी ध्यान में आता है कि भारत का लक्ष्य अब तकनीकी संप्रभुता हासिल करना है, जिसमें महत्वपूर्ण तकनीकों का विकास, स्वामित्व और संरक्षण देश के भीतर ही हो। क्वांटम-सिक्योर कम्युनिकेशन जैसी उपलब्धियां इस दिशा में बड़ी प्रगति को दशार्ती हैं। यह क्षमता भविष्य के युद्धों में निर्णायक साबित हो सकती है। बजट 2026-27 में रक्षा क्षेत्र के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपए का आवंटन सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है, जोकि रक्षा तैयारियों को और मजबूत बनाएगी। अतः हम सभी के लिए आज गौरव की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की रक्षा यात्रा एक ऐसे मुकाम पर पहुंच चुकी है, जहां आत्मनिर्भरता, तकनीकी श्रेष्ठता और वैश्विक पहचान एक साथ आकार ले रही हैं। यह परिवर्तन हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। यह तो हम सभी जानते हैं कि देश का रक्षा क्षेत्र सुरक्षा का प्रतीक है, किंतु कहना होगा कि इस दिशा में हो रहे नवाचार आज शक्ति और आत्मविश्वास का भी प्रतिनिधित्व करते हुए दिखाई देते हैं, जोकि हर भारतीय को आशा और उत्साह से भर रहे हैं।

## संत चोखामेला : समरसता, भक्ति और सामाजिक चेतना के आद्य प्रवर्तक

महाराष्ट्र की वारकरी परंपरा में संत ज्ञानेश्वर, नामदेव, एकनाथ और तुकाराम आदि के साथ-साथ संत चोखामेला का स्थान बहुत बढ़ा है। उन्होंने अपने जीवनानुभवों के माध्यम से भेदभाव की पीड़ा को शब्द दिए और भक्ति मार्ग से समरसता का संदेश दिया। मराठी संत साहित्य में संत चोखामेला को अत्यंत तेजस्वी, करुणामय और क्रांतिकारी व्यक्तित्व का कलमकार माना जाता है। वारकरी संप्रदाय के वे ऐसे संत थे जिन्होंने भक्ति के माध्यम से सामाजिक समानता का संदेश दिया। उनके अभंगों में ईश्वरभक्ति, मानवीय पीड़ा, भेदभाव का विरोध और भगवान विठ्ठल के प्रति अखंड प्रेम दिखाई देता है। संत चोखामेला केवल संतकवि ही नहीं थे, बल्कि वे अनुसूचित जाति समाज की चेतना को आवाज देने वाले आद्य प्रवर्तक भी माने जाते हैं। संत चोखामेला मराठी के पहले अनुसूचित जाति समाज के संतकवि माने जाते हैं। उनके अभंगों में व्यक्त सामाजिक वेदना केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामूहिक इतिहास की साक्षी है। उन्होंने ईश्वरभक्ति के माध्यम से समाज सुधार का मार्ग दिखाया। संत चोखामेला का जन्मकाल लगभग 13वीं-14वीं शताब्दी माना जाता है। उनका जन्म महार समाज में हुआ था। उनकी पत्नी का नाम सोयराबाई था, जो स्वयं भी भक्त कवयित्री थीं। उनके पुत्र कमार्मेला का भी संत परंपरा में उल्लेख मिलता है। ये काल महाराष्ट्र में भक्ति आंदोलन के विस्तार का समय था। तत्कालीन समय में अनुसूचित जाति को सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक स्तर पर अनेक प्रतिबंधों का सामना करना पड़ता था। मंदिर प्रवेश, शिक्षा और सार्वजनिक जीवन में उन्हें स्थान नहीं था। ऐसी विषम सामाजिक परिस्थितियों में संत चोखामेला का उदय हुआ। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से यह संदेश दिया कि ईश्वर सबका है। उनके हृदय में विठ्ठलभक्ति की अखंड धारा प्रवाहित होती थी। वे पंढरपुर के भगवान विठ्ठल (भगवान श्री कृष्ण) के अनन्य भक्त थे।

### संत नामदेव का सत्संग

संत चोखामेला को संत नामदेव का सान्निध्य प्राप्त हुआ। नामदेव की संगति में उनकी भक्ति को अधिक परिपक्व दिशा मिली। वारकरी परंपरा के समानता, प्रेम, नामस्मरण और ईश्वर से सीधे संबंध जैसे विचारों का उनके जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ा। संत नामदेव और वारकारी संप्रदाय की परंपरा के संतो ने भक्ति को जातिभेद से परे सार्वभौमिक साधना माना। यही विचार चोखामेला के अभंगों में स्पष्ट दिखाई देता है। संत नामदेव की संगति में उनकी भक्ति और दृढ़ हुई तथा उन्होंने विठ्ठल भक्ति अपने भावों को स्वर देने के लिए अभंग रचकर समाज के अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाई और समरसता स्थापित करने की पहल की।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और बंगाल चुनाव

**सन 1925 में भारत में दो संगठनों की नींव रखी गई। एक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिसका आरम्भ एक मेडिकल शिक्षा प्राप्त किये युवक ने नागपुर में 15-20 स्थानीय साथियों को लेकर किया। दूसरा संगठन संसारभर में विख्यात हो चुकी कम्युनिस्ट पार्टी का था, जिसका गठन कानपुर में देश के विभिन्न प्रांतों से एकत्र हुए सैकड़ों प्रबुद्ध लोगों ने किया।**

**इंदुशेखर तत्पुरुष**

कल कार्ल मार्क्स का जन्मदिवस था और इधर भारत में उनसे प्रेरित राजनैतिक दल का बोरियाझबिस्तर एकमात्र बचे हुए प्रांत से भी उठ गया। दूसरी ओर भारत के सभी राजनैतिक दल (भाजपा को छोड़कर) जिस सामाजिक संगठन आरएसएस का विरोध करते रहे हैं, या कभी न कभी उसके विरुद्ध खड़े हुए, वह आज देशभर में अपना जन्म शताब्दी वर्ष मना रहा है। उसकी प्रेरणा से राजनीति में खड़े हुए दल भाजपा ने देश के कोनेझकोने में अपनी पैठ बनाई है। बंगाल विजय तो कल का ही उदाहरण है। वस्तुतः इसकी वास्तविकता को जानने के लिए हमें एक सदी पूर्व के भारत में जाना होगा।

सन 1925 में भारत में दो संगठनों की नींव रखी गई। एक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिसका आरम्भ एक मेडिकल शिक्षा प्राप्त किये युवक ने नागपुर में 15झ20 स्थानीय साथियों को लेकर किया। दूसरा संगठन संसारभर में विख्यात हो चुकी कम्युनिस्ट पार्टी का था, जिसका गठन कानपुर में देश के विभिन्न प्रांतों से एकत्र हुए सैकड़ों प्रबुद्ध लोगों ने किया। पार्टी के प्रेरणापुंज कार्ल मार्क्स की गणना विश्व के महानतम विचारकों में होती थी। सन 1917 की रूस की क्रांति की कीर्ति के कारण कम्यूनिस्ट पार्टी आरंभ में ही देशभर में चर्चित हो गई। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद तो रूस, चीन जैसी अंतरराष्ट्रीय महाशक्तियों का समर्थन भी उन्हें मिलने लगा था। देश के सभी प्रमुख संस्थानों पर साम्यवाद और समाजवाद की गहरी छाप थी। जबकि संघ को आरंभिक वर्षों में नागपुर से बाहर कोई नहीं जानता था। देश स्वाधीन होते ही उस पर न केवल प्रतिबंध लगा, सरकारों द्वारा संघ के कार्यकताओं को निराधार लांछित और प्रताड़ित भी किया गया। आगे फिर प्रतिबंध लगाया गया। सबकी उपेक्षा, उपहास और तिरस्कार झेलते हुए भी संघ चुपचाप अपना कार्य करता रहा।

आज एक शताब्दी बाद हम देखते हैं कि सारी दुनिया को बदलने का दावा करने वाले, देश में क्रांति करके सत्ता प्राप्ति का स्वप्न देखने वाले कम्युनिस्ट एक कोने में सिमटकर रह गए। जबकि आज देश का ऐसा कोई कोना नहीं, जहां संघ का वर्चस्व नहीं, संघ की उपस्थिति नहीं। विचारणीय प्रश्न है कि यह जमीनझआसमान का अंतर कैसे संभव हुआ? संघ के निरंतर उत्कर्ष और उसके समान्तर कम्युनिज्म के निरंतर अपकर्ष के मूलभूत कारण क्या रहे? इस पर गहरा मंथन करना चाहिए।

वास्तव में किसी भी संगठन की ऐसी असाधारण उपलब्धि कार्यकताओं की निस्वार्थ कर्मनिष्ठा, समर्पण और त्याग के बिना संभव नहीं। यह सभागारों और विश्वविद्यालयों में बैठकर सिद्धांत बघारने से नहीं समाज में प्रत्यक्ष काम करने से हासिल होती है। कोरी बौद्धिकता झाड़ने से वैचारिक हलचल तो हो सकती है, किन्तु व्यक्ति का मन नहीं जुड़ता। वह जुड़ता है उनके बीच जाकर प्रत्यक्ष कार्य करने से, प्रेमपूर्ण व्यवहार से। व्यक्तियों के संगठन आंदोलकारी नारों से नहीं, नियमित संपर्क और सेवा कार्यों से निर्मित होते हैं।

मत भूलिए कि संघ ही एकमात्र ऐसा संगठन है जहाँ हजारों उच्च शिक्षा प्राप्त नवयुवक अपने सुखमय जीवन को ठोकर मारकर संघ के प्रचारक बन गए। आजीवन अविवाहित रहने का भीष्म संकल्प उन्होंने इसलिए लिया कि उनके जीवन का एकमात्र ध्येय संघ कार्य करना था। लाखों गृहस्थ प्रतिदिन कुछ न कुछ समय संगठन के लिए निकालते हैं। इतिहास संघ सैद्धांतिक तर्कझवितर्क एवं शास्त्रार्थ के पचड़े में नहीं पड़ा। बनावटी बौद्धिक वातावरण बनाने में शक्ति खर्च नहीं करता। दिखावटी प्रचार के फंदे में नहीं फँसता। उसका स्पष्ट ध्येय है व्यक्ति को संस्कारित करना, समाज में सज्जनों की संगठित शक्ति खड़ा करना और समाज के बीच में प्रत्यक्ष उपस्थित होकर क्षमता अनुसार कार्य करना। उसके असधारण कार्यविस्तार एवं व्यापक जनस्वीकृति का यही एकमात्र आधार था।

इतिहास साक्षी है कि जिन्होंने तथाकथित वैचारिक क्रांतिकारी पैदा किए वे आपस में ही मारझकाट में लग गए। सत्ता प्रतिस्पर्धा में पड़ गए। स्वयं को प्रतिष्ठापित करने में ही उनकी शक्ति चुक गई। किन्तु संघ ने व्यक्ति निर्माण की पाठशालाएं चलाई। व्यक्तियों को गढ़ने और जोड़ने की वे छोटीझछोटी पाठशालाएं आज विश्व का व्यक्ति निर्माण का सबसे बड़ा विश्विद्यालय बन गया।

ध्यान रखिए संघ हिन्दू संगठन है किन्तु संघ का कार्य केवल हिंदुओं के लिए नहीं संपूर्ण समाज के अभ्युदय के लिए है। समाज का अभ्युदय राष्ट्र के अभ्युदय के लिए है। और राष्ट्र का अभ्युदय केवल भारतवर्ष के लिए नहीं संपूर्ण विश्व के अभ्युदय के लिए है। पर यह तभी दिखाई देगा जब आप अपना राजनैतिक चश्मा उतारकर देखेंगे। भाजपा के चश्मे से देखेंगे तो भी नहीं दिखेगा। अपने व्यक्तिगत अथवा समूहगत लाभझलोभ से ऊपर उठकर देखेंगे तभी दिखेगा।

भाजपा की बंगाल विजय के प्रत्यक्ष पचास कारण गिनाए जा सकते हैं। निस्संदेह भारतीय जनता पार्टी ने प्राणांतक संघर्ष किया हैं, सैकड़ों राजनैतिक कार्यकताओं ने बलिदान किया है, लाखों लोगों का पसीना बहा है। किन्तु इस विराट परिवर्तन के पीछे संघ के स्वयंसेवकों की सतत साधना को मत भूलिए। आज स्वतंत्रता प्राप्ति के आठ दशक बाद पहली बार बंगाल में भगवा लहराया है, तो निश्चित मानिये कल केरल और तमिलनाडु की बारी है। क्योंकि संघकार्य राजनीति प्रेरित तात्कालिक कार्य नहीं राष्ट्रनीति प्रेरित अनवरत चलने वाला कार्य है, जिसका लक्ष्य सत्ता प्राप्ति नहीं व्यक्ति एवं राष्ट्र निर्माण है।

**(लेखक वरिष्ठ स्तम्भकार एवं राष्ट्रीय पत्रिका 'साहित्य परिक्रमा' के संपादक हैं)**

# पश्चिम बंगाल 2026 : परिवर्तन की राजनीति नहीं, ये विचार-तप की ऐतिहासिक परिणति

**जिनकी गति दशकों से इस प्रदेश की मिट्टी में प्रवाहित हो रही थी। 294 सीटों वाले इस राज्य में दो चरणों- 23 और 29 अप्रैल में हुए मतदान ने 92.93 प्रतिशत का अभूतपूर्व जनसहभाग दर्ज कराया, और 4-5 मई को आए परिणामों ने लगभग असंभव प्रतीत होने वाला परिदृश्य रचा।**

**कैलाश चन्द्र**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के परिणाम भारत की राजनीति में केवल संख्यात्मक उलटफेर नहीं हैं; वे उन अदृश्य धाराओं का सतही प्रकट रूप हैं जिनकी गति दशकों से इस प्रदेश की मिट्टी में प्रवाहित हो रही थी। 294 सीटों वाले इस राज्य में दो चरणों- 23 और 29 अप्रैल में हुए मतदान ने 92.93 प्रतिशत का अभूतपूर्व जनसहभाग दर्ज कराया, और 4झ5 मई को आए परिणामों ने लगभग असंभव प्रतीत होने वाला परिदृश्य रचा। भारतीय जनता पार्टी लगभग 206 सीटों पर विजय या बढ़त के साथ स्पष्ट बहुमत प्राप्त करती है, जबकि तृणमूल कांग्रेस 81 के आसपास सिमट जाती है। यदि इस घटना को केवल राजनीतिक गणित के संदर्भ में पढ़ा जाए, तो यह विश्लेषण अधूरा रह जाएगा। क्योंकि बंगाल में सत्ता-परिवर्तन सामान्यतः राजनीतिक रणनीतियों से नहीं, सांस्कृतिक चेतना के परिवर्तन से होता है और 2026 का यह जनादेश, वस्तुतः, उसी चेतना के पुनरुत्थान की कथा कहता है।

बंगाल ने कभी केवल राजनीतिक बदलाव नहीं देखे; उसने वैचारिक हलचलों को जन्म दिया है। यह वह भूमि है जिसने राजा राममोहन राय के सामाजिक नवजागरण, स्वामी विवेकानंद के आत्मजागरण, बंकिमचंद्र के राष्ट्रजागरण, श्री अरविन्द के आध्यात्मिक-राजनीतिक दृष्टिकोण और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के अदम्य राष्ट्र-नेतृत्व को जन्म दिया, इसलिए बंगाल में विचार की आहट, अक्सर राजनीति के कदमों से पहले सुनाई देती है। 2026 का परिणाम इसी गहरे अंतःसंचरण का संकेतक है। वस्तुतः एक ऐसा संचरण जो न किसी दल विशेष की तात्कालिक रणनीति से बना, न किसी नेता की व्यक्तिगत लोकप्रियता से; बल्कि उस दीर्घ सांस्कृतिक-सामाजिक तप से, जिसे लाखों स्वयंसेवकों, शिक्षकों, विचारकों, छात्रों, किसानों और गृहस्थों ने दशकों तक ऋषिझधैर्य के साथ साधा।

इन दशकों में वाम मोर्चे का शासन रहा, उसके बाद तृणमूल कांग्रेस का प्रभुत्व। परंतु राजनीतिक सत्ता जहाँ ऊपर बदलती रही, वहीं समाज की गहराइयों में कोई अन्य कथा शांत गति से अपना पथ बना रही थी। सांस्कृतिक राष्ट्रभावना से प्रेरित कार्यकताओं की यह कथा किसी अखबार की सुर्खियों में नहीं थी, उनके कार्यों के होर्डिंग नहीं लगे, वे टीवी बहसों में नजर नहीं आए। फिर भी वे गांवों के चौपालों में, कस्बों के विद्यालयों में, आदिवासी बस्तियों में, पुस्तकालयों और संस्कार केन्द्रों में, योग-प्रार्थना समूहों में, और चाय की दुकानों पर होने वाली सहज संवादझपरंपरा में अपनी जड़ों को फैलाते रहे। इस परिश्रम का स्वरूप राजनीतिक नहीं था; वह मन-निर्माण की प्रक्रिया थी, इतनी धीमी कि उसके परिणाम झटके से दिखाई नहीं देते, इतनी गहरी कि जब दिखाई देते हैं तो परिदृश्य ही बदल गया होता है। उनका काम मतदाता बनाना नहीं था; वे मानदाता तैयार कर रहे थे। ऐसे नागरिक, जिनका मन स्वयं निर्णय लेने में सक्षम हो, जो भय या प्रलोभन से प्रभावित न हों, और जो समाज के दीर्घकालिक हितों को राजनीतिक तात्कालिकता से ऊपर रख सकें।

2026 के चुनावों से तीन या छह महीने पहले शुरू किए जाने वाले संपर्क-प्रयास इस परिवर्तन को नहीं घड़ सकते थे। यह जनादेश वर्षों, कभी-कभी दशकों से चल रहे संवाद, सेवा, संस्कार और अध्ययन की उस परंपरा का परिणाम है जिसे प्रतिदिन हजारों स्थानों पर दोहराया गयाः शाखाओं में प्रार्थना और व्यायाम, बौद्धिक सत्रों में राष्ट्रीय विचार का पुनर्पाठ, सेवा-बस्तियों में चिकित्सा शिविर, पुस्तकालयों में भारतीय साहित्य का अध्ययन, युवाझकार्यक्रमों में नेतृत्व का प्रशिक्षण, और मातृ-शक्ति के जागरण के लिए चलाए गए अभियान। बाढ़, चक्रवात और महामारी जैसी आपदाओं में इन स्वयंसेवकों ने जब सबसे पहले राहत पहुँचाई, तब उनकी बातों में विश्वास का आधार भी निर्मित हुआ।

राजनीतिक विश्लेषण भले यह कहे कि भाजपा का वोट-शेयर 45.85 प्रतिशत तक पहुँचा और टीएमसी में 7.22 प्रतिशत की गिरावट आ गयी, परंतु जनमानस की दृष्टि से यह बदलाव सूखते तालाब में अचानक उभर आए पानी का नहीं, बल्कि भूमिगत जलस्त्रोतों के पुनर्जीवित होने का संकेत है। राजनीतिक दलों ने जहाँ मुद्दों- हिंसा, भ्रष्टाचार, सन्देशखली प्रकरण, आरजीकर मेडिकल केस, रोजगार, अवैध घुसपैठ पर अपनी राजनीति की, वहीं समाज के भीतर चल रही चेतना ने इन मुद्दों की व्याख्या एक व्यापक सांस्कृतिक–परिप्रेक्ष्य में की।

इस जनादेश को मनोवैज्ञानिक धरातल पर देखें तो बंगाल एक थकान की अवस्था से निकलकर स्थिरता की ओर बढ़ना चाहता था; सांस्कृतिक धरातल पर देखें तो वह अपनी मूल जड़ों ह्यभारतीयता की स्मृतिह्न से पुनः जुड़ने का अवसर खोज रहा था; संगठनात्मक परिप्रेक्ष्य से देखें तो यह घर-घर संपर्क का नहीं, बल्कि घर-घर संबंध का परिणाम था; और वैचारिक धरातल पर देखें तो 2026 में सत्ता नहीं, सत्ता-समर्थ विचार विजयी हुआ। अक्सर कहा जाता है कि किसी भी चुनावी विजय को अंतिम सिद्धि मान लेना भूल है। यह बात इस संदर्भ में और भी सत्य है। 2026 का परिणाम किसी विचारधारा की परिपूर्ण विजय नहीं, बल्कि उसके दीर्घ साधनाझमार्ग की प्रथम उपलब्धि है। इस विजय का स्वर क्रोध का नहीं; यह आत्मजागरण का स्वर है। यह बदले का उभार नहीं, बल्कि समन्वय की पुनर्स्थापना है; यह चुनावी लहर नहीं, विचारझतप की परिणति है। अब चुनौती यह है कि सत्ता का उपयोग सत्ता-स्थापन के लिए नहीं, समाज-निर्माण की दिशा में हो–शिक्षा में सुधार, युवाओं के चरित्र-निर्माण, बंगालीझभारतीय संस्कृति के रचनात्मक उत्थान, जनजातीय और पिछड़े समुदायों में आत्मगौरव का पोषण, विज्ञान और उद्योग को गति, रोजगार के अवसर, सीमा-पार असुरक्षा पर नियंत्रण और समाज में धार्मिक-सांस्कृतिक एकात्मता की सुदृढ़ता। वास्तविक विजय तो तब होगी जब बंगाल पुनः वह भूमिका निभाए, जो उसने 19वीं और 20वीं सदी में निभाई थी–राष्ट्र के वैचारिक नेतृत्व की। 2026 का जनादेश अंततः यह स्पष्ट संदेश देता है कि बंगाल का परिवर्तन बदले की राजनीति का परिणाम नहीं है। यह भारतीयता के पुनर्जागरण की वह मौन, किंतु प्रचंड लहर है जिसे वर्षों की साधना का बल मिला है। यह उस विचार का उदय है जो सत्ता की सीढ़ियों से नहीं, समाज की नसों से उठता है। यह किसी एक दल या संगठन की सफलता नहीं; बल्कि उन लाखों अनाम स्वयंसेवकों के श्रम, त्याग और तप का फल है, जो बिना नाम चाहे, बिना पद की इच्छा, बिना प्रचार की आकांक्षा, प्रत्येक दिन समाज को संस्कारित करने में लगे रहे।

अंत में यही कि इतिहास अक्सर नेताओं को याद रखता है, पर इतिहास बदलता उन लोगों के कारण है, जिन्हें इतिहास याद नहीं रखता। 2026 में बंगाल ने एक बार फिर यही सत्य सिद्ध किया है।

(लेखक सामाजिक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ स्तम्भकार हैं)

# कर्नाटक का वो अद्भुत मंदिर जिसका है रामायण से नाता

भारत मंदिरों का देश है और हमारे देश में कई ऐसे कई प्राचीन मंदिर हैं। जिनका संबंध या तो किसी दूसरे युग से है या फिर उनका इतिहास हजारों साल पुराना है। आज हम आपको ऐसे एक ही मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसका इतिहास रामायण काल से जुड़ा है। इसका संबंध दशानन रावण से है। यह मंदिर कर्नाटक में कन्नड़ जिले की भटकल तहसील में स्थित है। जोकि तीन ओर से अरब सागर से घिरा हुआ है। समुद्र तट पर स्थित होने की वजह से इस मंदिर के आसपास का नजारा बेहद खूबसूरत लगता है।



दरअसल, हम यहां पर बात कर रहे हैं मुरुदेश्वर मंदिर की, जोकि भगवान शिव को समर्पित है। मुरुदेश्वर भगवान शिव का एक नाम है। इस मंदिर की खासियत यह है कि इसको परिसर में भगवान शिव की एक विशाल मूर्ति स्थापित है। जिसको दुनिया की दूसरी सबसे विशाल और ऊंची शिव प्रतिमा माना जाता है। शहर को पहले मृदेश्वर के नाम से जाना जाता था। हालांकि बाद में मंदिर के निर्माण के बाद इसका नाम बदलकर मुरुदेश्वर कर दिया गया था।

**दशानन रावण से संबंध**

पौराणिक कथाओं के मुताबिक जब दशानन रावण अमरता का वरदान पाने के लिए भगवान शिव की तपस्या कर रहा था। तब भगवान शिव ने प्रसन्न होकर उसको एक शिवलिंग दिया। जिसको आत्मलिंग कहा जाता है। महादेव ने रावण से कहा कि अगर तुम अमर होना चाहते हो, तो इस शिवलिंग को लेकर लंका में स्थापित कर देना। लेकिन इस शिवलिंग को जिस भी जगह पर रख दोगे, यह वहीं पर स्थापित हो जाएगा। भगवान शिव के कहे मुताबिक रावण शिवलिंग लेकर लंका जा रहा था।

इस बीच रास्ते में भगवान गणेश ने चालाकी से रावण को लंका भेज दिया कि शिवलिंग को गोकर्ण में जमीन पर रख दिया। जिससे वह शिवलिंग वहीं पर स्थापित हो गया। इससे क्रोधित होकर दशानन शिवलिंग को उखाड़ने और नष्ट करने की कोशिश करने लगा और शिवलिंग के टूटे हुए टुकड़े फेंक दिया। इस क्रम में जिस वस्त्र से शिवलिंग ढका हुआ था। वह म्रिदेश्वर के कन्दुका पर्वत पर जा गिरा। म्रिदेश्वर को ही अब मुरुदेश्वर के नाम से जाना जाता है।

## टिप्स

### कोविड के बाद नए वायरस की दस्तक

कोविड महामारी के जख्म अभी पूरी तरह भरे भी नहीं थे कि एक और वायरस ने दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हंटावायरस को लेकर अलर्ट जारी किया है। यह एक दुर्लभ वायरस है जो इंसान से इंसान में भी फैल सकता है। फिलहाल, यह केप वर्डे के तट के पास खड़ा एक क्रूज जहाज पर फैला है। हालांकि एक्सपर्ट्स का कहना है कि अभी घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि जोखिम काफी कम है और स्थिति कंट्रोल में है।

**आखिर जहाज पर क्या हुआ?**

147 लोगों को ले जा रहे इस क्रूज शिप पर अब तक हंटावायरस के 7 मामले सामने आए हैं, जिनमें से 3 लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने सुरक्षा के लिहाज से जहाज को किनारे से दूर खड़ा कर दिया है और लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी है। माना जा रहा है कि संक्रमण जहाज के अंदर से नहीं, बल्कि यात्रा के दौरान दक्षिण अमेरिका में किसी जगह से शुरू हुआ था।

**कितना खतरनाक है हंटावायरस?**

हंटावायरस सीधा फेफड़ों पर हमला करता है, जिससे सांस लेने में गंभीर समस्या हो सकती है। सबसे ज्यादा चिंता की बात इसका इंसान से इंसान में फैलना है, हालांकि ऐसा बहुत कम होता है। हल्थ के मुताबिक, यह वायरस आमतौर पर संक्रमित व्यक्ति के बहुत करीब रहने वाले लोगों को ही शिकार बनाता है। जहाज जैसी बंद जगह में तो इसका खतरा रहता है, लेकिन खुले में इसके बड़े पैमाने पर फैलने की उम्मीद कम है।

**क्या दुनिया पर मंडरा रहा है खतरा?**

राहत की बात यह है कि इसके दुनिया भर में फैलने की संभावना बहुत कम`। यह कोई साधारण फ्लू नहीं है जो हवा के जरिए तेजी से फैल जाए।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :**
**www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# ट्रेन में मोबाइल चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार, तीन फोन बरामद

**संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा:**आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार नेतृत्व में समय लगभग 10:15 बजे से एक संयुक्त गश्ती दल का गठन किया गया। जिस दल में

एएसआई सुरेश पासवान,कांस्टेबल अजय कुमार सहजाद अंसारी राकेश कुमारमहिला कांस्टेबल अर्पण कुमारी महिला कांस्टेबल काजल कुमारी सभी रेलवे सुरक्षा बल तथा उप निरीक्षक नंदन कुमार सिंह सहायक उप निरीक्षक रवि शंकर यादव प्रधान आरक्षी नूपुर बरन चंदन कुमार यादव द्वारा बरहरवा रेलवे स्टेशन क्षेत्र में गश्ती के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखी जा रही थी।गश्ती के क्रम में समय लगभग 10:28 बजे, जब टीम प्लेटफॉर्म संख्या 01 के साहिबगंज छोर फुट ओवर ब्रिज के समीप पहुँची, तब एक व्यक्ति ट्रेन संख्या 53403 रामपुरहाटझ्झगया पैसेंजर? से उतरकर पास स्थित यात्री शेड में संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया। उक्त व्यक्ति की



गतिविधियाँ संदिग्ध प्रतीत होने पर टीम द्वारा उसकी ओर बढ़ा गया, जिसे देखकर वह व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा। तत्काल कार्रवाई करते हुए गश्ती दल के सदस्यों द्वारा उक्त व्यक्ति को चारों ओर से घेरकर प्लेटफॉर्म संख्या 01 के यात्री शेड के समीप साहिबगंज छोर पर पकड़ लिया गया।पकड़े गए व्यक्ति से भागने का कारण पूछे जाने पर वह कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सका तथा रेलवे क्षेत्र में उपस्थित रहने का कोई वैध प्राधिकार दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं कर पाया। पूछताछ के क्रम में उसने अपना नाम एवं पता पप्पू कुमार साह उम्र लगभग 17 वर्ष निवासी कुसमा थानाबरहेट, जिला साहिबगंज झारखंड बताया।तत्पश्चात नियमानुसार उसकी तलाशी हेतु आसपास उपस्थित व्यक्तियों से स्वतंत्र साक्षी बनने का अनुरोध किया गया। फलस्वरूप गश्ती दल में शामिल कांस्टेबल सहजाद अंसारी एवं प्रधान आरक्षी नूपुर बरन को स्वतंत्र साक्षी मानते हुए विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान अलग अलग कम्पनी के मोबाइल फोन बरामद हुए। जिसमें उसके दाहिने जेब से एक सफेद रंग का रेडमी कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल बरामद हुए ।बरामद मोबाइल फोन के संबंध में पूछताछ करने पर उक्त बालक ने स्वीकार किया कि उसने ये सभी मोबाइल अलग-अलग ट्रेनों में चोरी किए हैं। आगे पूछताछ में यह भी बताया कि वह पाकुड़, रामपुरहाट एवं हावड़ा क्षेत्रों में इस प्रकार की चोरी करता रहा है।उक्त स्वीकारोक्ति के उपरांत, सभी बरामद मोबाइल फोन को उपस्थित गवाहों के समक्ष भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानों का पालन करते हुए विधिवत तलाशी सह जप्ति सूची तैयार कर जप्त किया गया।तत्पश्चात निरुद्ध बालक एवं जब्त मोबाइल फोन को आवश्यक कानूनी कार्रवाई हेतु रेल थाना बरहरवा लाया गया। जहाँ सभी बरामद सामग्री एवं एक लिखित शिकायत के साथ विधिवत सुपुर्द किया गया।खबर लिखे जाने तक मामले पर कार्रवाई की प्रक्रिया जारी थी।

## प्रेम प्रसंग में पति की हत्या का खुलासा, पत्नी गिरफ्तार



**साहिबगंज/बरहरवा:** थाना क्षेत्र के चावलछल्ला एवं लाघोपाड़ा के बीच शव फेंके जाने के चर्चित मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी पिंकी बीबी उर्फ पिंकी बेसरा को गिरफ्तार कर लिया है। मामले का खुलासा करते हुए एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल ने बताया कि प्रेम प्रसंग और पारिवारिक विवाद के कारण पति चंदन बेसरा की हत्या की गई थी।पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी महिला ने अपने प्रेमी राशेद अली के साथ मिलकर 8 अप्रैल को चंदन बेसरा की गला दबाकर हत्या कर दी थी। इसके बाद शव को वाहन से लाकर सुनसान स्थान पर फेंक दिया गया था।मामले में पहले ही राशेद अली एवं ईस्ताक शेख को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वहीं मुख्य आरोपी महिला को मालदा के कलियाचक से गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने घटना में प्रयुक्त वाहन भी जब्त कर लिया है।पूरे कांड का सफल उद्भेदन में बरहरवा थानां पुलिस की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## आंधी-बारिश से गिरा पेड़, बिजली व्यवस्था बाधित

**संवाददाता**

साहिबगंज/बरहरवा:आई तेज आंधी और भारी बारिश के कारण बरहरवा नगर पंचायत के वार्ड संख्या 02 में एक बड़ा पेड़ टूटकर बिजली के तारों पर गिर गया, जिससे इलाके में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई ।

घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने कॉंग्रेस के जिला सोशल मीडिया चेयरमैन नेहाल अख्तर को सूचित किया। सूचना मिलते ही नेहाल अख्तर ने तुरंत बिजली विभाग को अवगत कराया। विभाग ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए बिना देरी किए अपनी टीम को मौके पर भेजा।बिजली विभाग के कर्मियों बास्की के पहुंचने के बाद राहत कार्य शुरू किया गया। इस दौरान नेहाल अख्तर स्वयं भी मौके पर मौजूद रहे और मजदूरों तथा विभागीय कर्मचारियों के साथ मिलकर पेड़ को काटकर रास्ता और बिजली तारों को पूरी तरह से



साफ कराया। उनके सक्रिय सहयोग से जल्द ही स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया और बिजली बहाली का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया।

इस कार्य में स्थानीय कांग्रेसी कार्यकर्ता आलमगीर मंसूरी सहित कई ग्रामीण भी मौके पर उपस्थित रहे और सहयोग प्रदान किया।वार्ड संख्या 02 के ग्रामीणों ने इस त्वरित कार्रवाई और जनहित में किए गए प्रयास के लिए नेहाल अख्तर का दिल से आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि उनकी तत्परता और जिम्मेदारी के कारण बड़ी दुर्घटना टल गई और समय रहते समस्या का समाधान हो सका।स्थानीय लोगों ने प्रशासन और बिजली विभाग की त्वरित कार्रवाई की भी सराहना की है।

## दो अन्तरराज्यीय तस्कर 20 किलो गांजा के साथ किया गिरफ्तार

- ओडिशा से गांजा तस्करी कर पाकुड पहुंचाने के फिराक में थे
- झारखंड में भी इनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के दो मामले दर्ज है

**संवाददाता**

साहिबगंज/बरहरवा: थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दो अंतरराज्जीय तस्कर जो उड़ीसा से गांजा लेकर पाकुड़ हिरणपुर सप्लाई करने के लिए जा रहे थे, लगभग 20 किलो गाँजा के रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार को बरहरवा थाना परिसर में एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए छापेमारी दल का गठन किया गया,तत्पश्चात सूचना को गंभीरता से लेते हुए गठित छापेमारी दल पतना-केंदुआ मुख्य मार्ग विजयपुर गांव के समीप वाहन जाँच अभियान संचालित किया।इसी दौरान



सुबह करीब 8:20 से 8:25 बजे के बीच बस पंजीकरण संख्या बीआर 02 पीबी 6518 को रोक कर जांच की गई,वहीं बस में सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना नाम असीम मोहंती पिता अनंगा कुमार मोहंती निवासी- तड़ोडीहपाल थाना पाटामुड़ी जिला-केटरापाड़ा उड़ीसा तथा दूसरे ने अपना नाम प्रफुल्ल चंद्र देवडी पिता स्वर्गीयजगो बंधु देवीडी निवासी नुआ गाँव थाना-जाशपुर ओडिशा बताया।दोनों संदिग्ध व्यक्तियों को अपने सामान के साथ बस से नीचे उतर कर तलाशी ली गई तलाशी के दौरान बैंक से हल्के भूरे रंग के कुल 10 बंडल बरामद किए गए प्रत्येक बंडल का वजन लगभग 2 किलोग्राम था जिसमें कुल बरामद गांजा का वजन 20.180 किलोग्राम पाया गया।जिसके बाद दोनों युवकों से पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं दिया न ही कोई वैध दस्तावेज दिखा पाया।और पूछताछ के बाद बताया की मदन भगत,सीएसपी सेंटर के समीप दुर्गा मंडप के समीप हिरणपुर ,थाना-हिरणपुर के साथ अवैध गाँजा की खरीद बिक्री का काम लगभग 2 वर्षो से कर रहे थे।मामले को लेकर बरहरवा थानां कांड संख्या 115/2026 दिनांक 6/05/2026 विधिवत धाराओं के साथ दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। हलांकि मामले को लेकर पुलिस गंभीरता से गहन जाँच में जुट गई है। इधर जांच में यह भी पता चला कि गिरफ्तार अभियुक्त असीम मोहंती का आपराधिक इतिहास भी काफी लंबा रहा है। उसके खिलाफ ओडिशा के विभिन्न थानों में हत्या डकैती और आर्म्स एक्ट के तहत आठ मामले दर्ज है।वही झारखंड में भी उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के दो मामले दर्ज है,जिसमे से एक मामला साहिबगंज जिला के मुफ्फसिल थाना आन्तर्गत दर्ज है। पुलिस इस तस्करी से जुड़े अन्य संदिग्धों की तलाश में जुट गई है। इस मामले की सफल उद्भेदन हेतु बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकरी नितिन खंडेलवाल,बरहरवा पुलिस निरीक्षक संतोष कुमार राणा,बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह ,सहायक अवर निरीक्षक अविनाश कुमार सिंह ,सहायक अवर निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार पासवान एवं बरहरवा थाना सशत्रबल शामिल थे।

### गंगा नदी से स्टोन बोल्डर के परिवहन का मामला

## नदी के संरक्ष ा व संवर्धन को लेकर एनजीटी में हुई सुनवाई

**संवाददाता**

**साहिबगंज:**चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण प्रेमी सैयद अरशद नसर द्वारा साहिबगंज जिले से गुजरनें वाली गंगा नदी व जलीय जीव जंतू व संरक्षित डाल्फिन के संरक्षण व संवर्धन हेतू व गंगा नदी के आस-पास व गंगा नदी से स्टोन बोल्डर,चिप्स,मेटल के परिवहन व भंडारण के रोकथाम हेतु व गंगा नदी को प्रदुषण से बचाने के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल,ईस्टर्न जोन,कोलकाता में दायर याचिका संख्या-162/23 की सुनवाई एनजीटी के जस्टिस अरूण कुमार त्यागी व एनजीटी के एक्सपर्ट मेंबर ईश्वर सिंह की पीठ में बुधवार को हुई।14 महीने पर जेल से बाहर आने के बाद अरशद सुनवाई के



दौरान उपस्थित थे.इस मामले में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन,नई दिल्ली के निदेशक झारखंड के खान सचिव व खान निदेशक,झारखंड प्रदुषण के सदस्य सचिव व जिले के डीसी,डीएमओ व डीटीओ व गंगा नदी से स्टोन बोल्डर के आपुर्तिकर्ता जीके. एंटरप्राइजेज कंपनी,मालदा, पश्चिम बंगाल व मां तारा एंटरप्राइजेज कंस्ट्रक्शन कंपनी मुजफ्फरपुर बिहार के द्वारा काउंटर एफिडेविट व स्थलीय जांच रिपोर्ट दाखिल किया गया.जिसका प्रतिउत्तर दाखिल करने के लिए एनजीटी ने याचिकाकर्ता अरशद के विद्वान अधिवक्ता पुषाली बनर्जी को आदेश दिया जिसके लिए याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने समय की मांग की जिसे एनजीटी ने स्वीकार करते हुए एक माह का समय दिया.बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान एनजीटी द्वारा कोई प्रतिकूल आदेश पारित नहीं करने से पत्थर माफियाओं से लेकर पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों ने राहत की सांस ली अब सभी की नजर अगली सुनवाई पर टिक गई है।

## शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता**

साहिबगंज/उधवा:राधानगर थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। इस संबंध में पीड़िता द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवारी हाटपाड़ा (पूर्वी उधवा) निवासी पीड़िता की शिकायत पर राधानगर थाना कांड संख्या 147/26 भारतीय न्याय संहिता की धारा 69, 351(2) एवं 3(5) के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस मामले में मुख्य



आरोपी देवाशीष उर्फ राजा मंडल सहित कुल चार लोगों को नामजद किया गया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए प्राथमिक आरोपी देवाशीष मंडल को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी को विधिवत न्यायिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस इस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

# गुरु गोष्ठी सह मासिक समीक्षा बैठक, बीईईओ ने विद्यालय संचालन में सुधार पर दिया जोर

**संवाददाता**

साहिबगंज/उधवा :प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गड़ल्ली मे प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बीईईओ रोबिन मंडल की अध्यक्षता में गुरु गोष्ठी सह मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विद्यालयों के सचिवों एवं शिक्षा विभाग से जुड़े कर्मियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान बीईईओ रोबिन मंडल ने विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था, मध्यान्ह भोजन संचालन तथा ऑनलाइन डाटा अद्यतन की विस्तृत समीक्षा करते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि



सभी विद्यालय निर्धारित समय पर खुलने और बंद होने चाहिए तथा शिक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विद्यार्थियों के हितों से समझौता किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। मध्यान्ह भोजन योजना को नियमित एवं सुचारू रूप से संचालित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में एमडीएम बंद नहीं होना चाहिए। बीईईओ ने शिक्षकों को प्रतिदिन बायोमेट्रिक मशीन में उपस्थिति दर्ज करने एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ई-विद्या वाहिनी पोर्टल पर ऑनलाइन अपडेट करने का निर्देश दिया। इसके अलावा साइकिल योजना से संबंधित प्रतिवेदन, एसए-1 एवं एसए-2 परीक्षा परिणाम, यू-डाइस प्लस, अपार आईडी, नामांकन, टीएनए रजिस्ट्रेशन तथा ईवीवी पर पुस्तक उठाव से जुड़े डाटा की भी समीक्षा की गई। बैठक में उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों एवं कर्मियों के खिलाफ विभागीय स्तर पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मौके पर बीपीओ अटल बिहारी भगत, बीआरपी इंतखाब आलम, सीआरपी बाबूलाल मंडल, रुहुल अमीन, अशोक पाल, रतन मंडल, विशेष प्रशिक्षक सुरेश्वर प्रसाद, कंचन कुमारी, एमआईएस समन्वयक गुलाम असर्फी, सचिव साईम शेख, नादिरा खातून, जितेन्द्र नारायण राम, दशरथ किस्कू, नासिर हुसैन, लक्ष्मण पासवान, मनोवर हुसैन सहित कई लोग मौजूद थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### फरार आरोपी गिरफ्तारी

**साहिबगंज:**जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के निवासी सोमा हेंब्रम 26 वर्ष को जिरवाबाड़ी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि सोमा हेंब्रम के विरुद्ध पूर्व में थाना में मामला दर्ज हुआ था यह लंबे समय से फरार चल रहा था। न्यायालय से सोमा के विरुद्ध वारंट निर्गत किया गया गुप्त सूचना के आधार सोमा की गिरफ्तारी की गई और पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

**साहिबगंज:**तालझारी थाना क्षेत्र के बड़ी बगिया मारी सकरीगली निवासी दिलीप उरांव का 16 वर्षीय पुत्र दीपक एक्का ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। जीआरपी पुलिस को सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन करते हुए शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया जहां डाक्टर मोहन मुर्मू में पोस्टमार्टम किया। पिता दिलीप उरांव बताया कि पुत्र दीपक बिना किसी को कहे मंगलवार की शाम घर से निकला था फिर वह वापस नहीं लौटा सुबह में स्थानीय लोगों ने सूचना भी तुम्हारा पुत्र रेलवे ट्रैक में पड़ा हुआ । जाकर देखा तो पुत्र का शव तीन हिस्से में बटा हुआ था किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से उसकी दर्दनाक मौत हुई। इधर थाना प्रभारी कैलाश प्रसाद ने बताया की शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया है इस मामले में यूडी केस दर्ज की गई है।

### खेत में काम कर रहे किशोर की वज्रपात से मौत

**साहिबगंज:**मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सोभनपुर दियारा स्थित खेत में मकई काटने के दौरान वज्रपात होने से एक 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मुफस्सिल पुलिस को सूचना मिलते ही घटनास्थल पहुंचकर मामले की छानबीन करते हुए शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। किशोर की पहचान तालझारी थाना क्षेत्र के

सकरीगली जमुनी फाटक निवासी बबलू मड़ईया के 14 वर्षीय पुत्र विजय मड़ईया के रूप में हुई है। मामा तस्मत मरांडी ने बताया कि विजय मढैया सहित तीन लोग फसल काटने के लिए सोभनपुर दियारा गए थे अचानक तेज बारिश होने लगी और बिजली कड़कने लगी। बिजली कड़कता देख सभी भागने लगे भागने के क्रम में बिजली विजय मालिया पर गिर गई जिससे वह झुलस गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने इस घटना की जानकारी मुफस्सिल पुलिस को दिया जिसके बाद में फसल पुलिस घटनास्थल पहुंचकर विजय केशव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया जहां डॉक्टर न्यू पोस्टमार्टम किया। बताया कि विजय के पिता बबलू मड़ईया खेती गिरस्ती का काम करते हैं और वह भी अपने निजी काम से जिला से बाहर है इधर स्वजनों का जो रोक बुरा हाल है। थाना प्रभारी मनीष पांडे ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करने के बाद स्वजनों को सौंप दिया गया है पुलिस यूडी केस दर्ज कर आगे से कार्रवाई कर रही है।

### उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

**आंगनबाड़ी सेविकाओं को दी गई योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी**



**साहिबगंज/उधवा:**प्रखंड सभागार में बुधवार को बाल विकास परियोजना विभाग की ओर से एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ जयंत कुमार तिवारी ने की। कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं ने भाग लेकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला के दौरान आईपी ग्लोबल के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नवाब परवेज ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के उद्देश्य व लाभों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को योजना का लाभ समय पर मिले, इसके लिए जमीनी स्तर पर जागरूकता बढ़ाना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि कई बार पंजीकरण के दौरान तकनीकी एवं दस्तावेज संबंधी समस्याएं सामने आती हैं, जिन्हें त्वरित रूप से समाधान करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने आंगनबाड़ी सेविकाओं से कहा कि वे अपने क्षेत्र में पात्र लाभुकों की पहचान कर उन्हें योजना से जोड़ें, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं को सरकारी सहायता का लाभ मिल सके। वहीं समर अभियान के क्षेत्रीय प्रबंधक कमल किशोर ने कुपोषण मुक्त समाज बनाने की दिशा में चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी। उन्होंने सेविकाओं को कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की पहचान करने उनके लक्षण समझने तथा आवश्यक उपचार की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों की स्थिति गंभीर हो, उन्हें तत्काल एमटीसी सेंटर में भर्ती कराना आवश्यक है। साथ ही सभी संबंधित आंकड़ों एवं रिपोर्ट को समर एप पर नियमित रूप से अपलोड करने का निर्देश दिया गया। कार्यशाला में महिला पर्यवेक्षिका सुशीला हेंब्रोम, दरखासा खातून, सेविका मीरा कुमारी, कमरूल बीवी, निरू घोष, रविता कुमारी, अंजुमन बीवी सहित कई सेविकाएं उपस्थित थीं।

### बीके ट्यूशन सेंटर के विद्यार्थियों का इंटर आर्ट्स व कॉमर्स शानदार प्रदर्शन

**छात्र छात्राओं उच्चतम अंक प्राप्त करके पूरे संस्थान का नाम रौशन किया**



**साहिबगंज:** शहर के कॉलेज रोड ज्ञानदा गली में संचालित बीके.ट्यूशन सेंटर आर्ट्स व कॉमर्स में पढ़ने वाले दर्जनों छात्र छात्राओं ने झारखंड इंटरमीडिएट के वार्षिक परीक्षा में कई छात्र छात्राओं उच्चतम अंक प्राप्त करके पूरे संस्थान का नाम रौशन किया है। जहां इस उपलक्ष्य में बुधवार को बीके.ट्यूशन सेंटर के संचालक बीरू केशरी एवं जूही मैम के द्वारा सभी उत्तीर्ण करने वाले छात्र छात्राओं को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। वही इसको लेकर बीरू केशरी ने बताया कि उनके शिक्षण संस्थान से प्रति वर्ष इंटरमीडिएट परीक्षा में आर्ट्स व कॉमर्स से पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राएं लगातार अच्छे अंक प्राप्त कर रहे हैं।



# पूजा ने मांगी पार्टी

## रजनीकांत समेत कई सेलेब्स ने दी विजय को बधाई

**थलापति** विजय ने तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में शानदार जीत हासिल की है। उनकी पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) प्रदेश की सबसे बड़ी पार्टी बनकर सामने आई है। इसके बाद अब विजय का तमिलनाडु का अगला मुख्यमंत्री बनना लगभग तय है। ऐसे में उनकी इस ऐतिहासिक जीत पर साउथ इंडस्ट्री के तमाम सितारों ने उन्हें जीत की बधाई दी। इनमें सुपरस्टार रजनीकांत से लेकर रश्मिका मंदाना, एआर रहमान, धनुष और पूजा हेगड़े समेत कई सेलेब्स के नाम शामिल हैं। साथ ही कई सेलेब्स ने उन्हें प्रदेश के अगले मुख्यमंत्री के तौर पर शुभकामनाएं भी भेजी हैं।

### रजनीकांत ने दी बधाई

थलाइवा यानी रजनीकांत ने विजय को बधाई देते हुए लिखा, 'हाल ही में संपन्न हुए तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में विजयी तमिलगा वेत्री कझगम के अध्यक्ष थिरु विजय और उनकी पार्टी के सदस्यों को उनकी शानदार जीत पर मेरी हार्दिक बधाई।'

### तमिलनाडु की जनता का मिला अपार समर्थनः धनुष

अभिनेता धनुष ने भी थलापति विजय को भी जीत की बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'विजय सर और तमिलगा वेत्री कझगम को मेरी हार्दिक बधाई। जिन्होंने मैदान में उतरकर और अपने पहले ही चुनाव में भाग लेकर तमिलनाडु की जनता का अपार समर्थन और प्यार हासिल किया है। अब वे सरकार बनाने के लिए तैयार हैं।'

### थलापति कचहरी दिन-रात तरक्की कर रहा हैः पूजा हेगड़े

थलापति विजय के साथ उनकी आखिरी फिल्म 'जन नायकन' हीरोइन पूजा हेगड़े ने भी विजय की जीत पर खुशी जताई है। विजय के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'ओह माय गॉड! बधाई हो विजय सर।

# मानुषी के साथ हुई हिमेश की आंखें चार!

● दोनों करेंगे रोमांस, सिंगर ने किया नए गाने का एलान

**हिमेश** रेशमिया ने अपने फैंस को तोहफा दिया है। सोमवार को सिंगर-कंपोजर ने अपने नए गाने का एलान किया है, जिसका टाइटल 'शराब' है। इस गाने में वे मानुषी छिल्लर के साथ दिखाई देंगे। सिंगर ने पोस्टर के साथ गाने का एलान किया है, जिसमें वे और मानुषी रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। हिमेश रेशमिया ने आज सोमवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया और अपने नए गाने को लेकर डिटेल दी हैं। उन्होंने पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे और मानुषी रोमांस करते दिख रहे हैं। मानुषी काफी बोल्ड अंदाज में नजर आ रही



हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'जय माता दी, लेट्स रॉक। एक प्ले काफी नहीं होता'। उन्होंने बताया कि कल मंगलवार को गाने का टीजर सामने आएगा।

### हिमेश ने गाया है गाना

हिमेश रेशमिया की सिंगिंग के फैंस के बीच अलग ही क्रेज है। अब वे अपने नए गाने 'शराब' से फैंस को दीवाना बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

इसका म्यूजिक वीडियो पीयूष-शाजिया ने कोरियोग्राफ किया है। गाने को हिमेश ने अपनी आवाज दी है, जबकि इसका म्यूजिक रजत नागपाल ने कंपोज किया है और इसके बोल राणा सोतल ने लिखे हैं।

# स्टार किड्स पर सबसे ज्यादा प्रेशर होता है

बचपन में 'तारे जमीन पर' से घर-घर में पहचान बनाने वाले दर्शील सफारी का सफर सिर्फ एक फिल्म की सफलता तक सीमित नहीं रहा। शुरुआती स्टारडम के बाद उन्हें लंबे समय तक खुद को फिर से साबित करने की चुनौती का सामना करना पड़ा। हाल ही में बातचीत के दौरान दर्शील ने इंडस्ट्री में नेपोटिज्म, अपने स्ट्रगल, बदलती सोच और बाबिल खान को लेकर उठे विवाद पर खुलकर अपनी राय रखी।



**नेपोटिज्म की बहस में छिपी है असली सच्चाई**

वह कहते हैं, 'लोग बाहर से इंडस्ट्री को एक ही नजर से देखते हैं। लेकिन अंदर आकर समझ आता है कि चीजें इतनी सिंपल नहीं हैं। नेपोटिज्म की बात होती है, लेकिन अगर मैं किसी को जानता हूं, उसके साथ पहले काम कर चुका हूं, तो मैं उसी के साथ काम करना चाहूंगा। किसी अनजान के साथ रिस्क लेना हर कोई नहीं चाहता। ये नेपोटिज्म का एक हिस्सा हो सकता है, लेकिन ये इंसानी नेचर भी है।'

# 'कर्तव्य' निभाने को तैयार सैफ अली खान



सैफ अली खान जल्द ही खाकी वर्दी में अपना 'कर्तव्य' निभाते नजर आएंगे। नेटफ्लिक्स की उनकी आगामी फिल्म 'कर्तव्य' की रिलीज डेट आज सामने आ गई है। टीजर के जारी होने के बाद से ही फैंस फिल्म का इंतजार कर रहे थे, अब आज मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट घोषित कर दी है।

शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के तले बनी पुलिस-ड्रामा फिल्म 'कर्तव्य' नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने आज एक पोस्ट के जरिए फिल्म की रिलीज डेट घोषित की है। जिसके तहत 'कर्तव्य' 15 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करेगी। नेटफ्लिक्स ने फिल्म से सैफ अली खान का एक पोस्टर साझा किया। इसमें सैफ पुलिस की वर्दी में निराश नजर आ रहे हैं।

उनके सामने आग जलती दिख रही है। इसके साथ ही कैप्शन में लिखा गया, 'कर्तव्य के इस चक्रव्यूह में हर फैसला एक इम्तिहान होगा।' 'कर्तव्य' की कहानी एक पुलिस अधिकारी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो ऐसी दुनिया में अपना काम करने की कोशिश करता है जहां सही और गलत की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है।

# हॉकी इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए अंडर-18 पुरुष और महिला टीमों की घोषणा की

एजेंसी

**भोपाल :** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली अंडर-18 सीरीज के लिए भारतीय पुरुष और महिला टीमों की 24 सदस्यीय टीमों की घोषणा कर दी। यह सीरीज 15 से 20 मई 2026 तक भोपाल स्थित उधव दास मेहता (भाई जी) साई सेंट्रल सेंटर में खेली जाएगी।

चार मैचों की यह सीरीज 29 मई से 6 जून 2026 तक जापान के काकामिगहारा में आयोजित होने वाले पुरुष और महिला अंडर-18 एशिया कप की तैयारियों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के दौरान 42 खिलाड़ियों के प्रारंभिक समूह में से फिटनेस और सामरिक अनुकूलन क्षमता के आधार पर अंतिम 24 खिलाड़ियों का चयन किया गया। भारतीय अंडर-18 पुरुष टीम की कप्तानी फॉरवर्ड खिलाड़ी केतन कुशवाहा को सौंपी गई है, जबकि महिला



टीम की कमान स्वीटी कुजूर संभालेंगी। पुरुष टीम को पूर्व भारतीय हॉकी खिलाड़ी सरदार सिंह और रजनीश मिश्रा प्रशिक्षण दे रहे हैं। आगामी मुकाबलों को लेकर सरदार सिंह ने कहा, ह्लशिविर में एक उपयोगी सप्ताह बिताने के बाद हमने उन 24 खिलाड़ियों का चयन किया है जिन्हें हम अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार मानते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ये मुकाबले सिर्फ अभ्यास मैच नहीं हैं, बल्कि खिलाड़ियों के मानसिक संतुलन और सामरिक अनुशासन की बड़ी परीक्षा भी हैं। केतन मैदान पर स्वाभाविक नेता हैं और मैं देखना चाहता हूं कि यह टीम ऑस्ट्रेलियाई शैली के दबाव और गति का सामना कैसे करती है। महिला टीम पूर्व भारतीय कप्तान रानी रामपाल के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रही है। टीम चयन पर रानी ने कहा, ह्लहमने टीम को घटाकर 24 खिलाड़ियों तक सीमित किया है, जिन्होंने शिविर के दौरान सबसे अधिक निरंतरता और विकास दिखाया। स्वीटी के पास इस युवा टीम का नेतृत्व करने के लिए जरूरी अनुभव और दृष्टि है। भोपाल में ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ चार मैच खेलने से हमें अपनी ताकत और कमजोरियों का स्पष्ट आकलन मिलेगा। एशिया कप से पहले यह सीरीज टीम के लिए अंतिम बड़ी तैयारी है ह्व

भारतीय अंडर-18 पुरुष टीमः गोलकीपरः सावन कुमार, आयुष रजक, विशाल बाड़ा डिफेंडरः अंश बहुत्रा, आशीष तानी पूर्ति, अरमान सोरेंग, दीपकप्रकाश टोप्पो, करण गौतम, करण धनुक

मिडफील्डरः प्रेमचंद सोय, राहुल यादव, वरिंदर सिंह, रोमित पाल, अर्जनदीप सिंह, गुरसिमरनप्रीत सिंह, अर्शदीप सिंह, अवि मानिकपुरी फॉरवर्डः आकाश दीप, केतन कुशवाहा (कप्तान), शाहरुख अली, गाजी खान, प्रहलाद राजभर, सिद्धार्थ बेन, जैसन कंदुलना भारतीय अंडर-18 महिला टीमः गोलकीपरः महक परिहार, हैरी,



# बॉलीवुड में चरम पर है निगेटिव पीआर

बॉलीवुड में पीआर कल्चर काफी बढ़ गया है। इसके साथ ही पैसे देकर किसी के खिलाफ निगेटिव पीआर इन दिनों एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है। इस बारे में कई कलाकारों ने खुलकर बात की। करण जौहर ने तो पेड पीआर को बंद करने की अपील भी की। अब अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने पेड निगेटिव पीआर को लेकर बात की है। नवाज का कहना है कि मौजूदा दौर एक चरम स्तर पर पहुंच गया है, जहां बॉट्स, झूठी कहानियां और मनगढ़ंत राय जनता की सोच को प्रभावित कर रही हैं। आज के दौर में कई चीजें एक अभिनेता के कंट्रोल से बाहर हैं। बातचीत में नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने निगेटिव पीआर और पीआर कल्चर को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि एक अभिनेता के कंट्रोल में केवल एक ही चीज है और वो है अच्छा प्रदर्शन करना। प्रदर्शन कितना आगे जाएगा, यह उनके हाथ में नहीं है। फिल्म के प्रमोशन के बारे में उन्होंने कहा कि अगर प्रमोशन न होता तो लोग उन्हें असल जिंदगी में देख भी नहीं पाते, क्योंकि वे एकांत में रहना पसंद करते हैं। मेरा काम सिर्फ फिल्म को अपना पूरा प्रयास, मेहनत, एकाग्रता और ध्यान देना है। एक बार ये सबकुछ हो जाने पर मेरा काम खत्म हो जाता है।

### यह एक बुरा समय चल रहा है

निगेटिव पीआर कंपेन को लेकर नवाज ने कहा कि यह दौर अपने चरम पर है। अभी बहुत कुछ देखना बाकी है और वह भी इसी दौर में होगा। इसलिए यह एक अजीब दुनिया है। मुझे लगता है कि यह कुछ समय तक ऐसे ही रहेगा। उसके बाद कहते हैं कि जब बुरा समय आता है, तो हर चीज के लिए बुरा समय होता है। क्रिएटिविटी के लिए भी बुरा समय है। हर चीज के लिए बुरा। शायद कुछ साल के बाद अच्छा समय आएगा। लोग बिना किसी अर्थहीन नफरत के सही चीजों को पहचानने लगेंगे। कुछ साल बाद लोग खुद ही समझ जाएंगे कि कौन क्या है, क्या सच है, क्या झूठ है? मुझे नहीं पता था कि यह दौर लोगों के लिए इतना घटिया हो जाएगा.

# मैनचेस्टर सिटी ने 10 साल बाद जीता विमेंस फुटबॉल सुपर लीग का खिताब

एजेंसी

**ब्राइटन :** मैनचेस्टर सिटी ने बुधवार को एक दशक बाद पहली बार विमेंस फुटबॉल सुपर लीग का खिताब अपने नाम कर लिया। खिताब की दौड़ में बची आखिरी चुनौती देने वाली टीम आर्सेनल को ब्राइटन एंड होव एल्बियन ने 1-1 से ड्रॉ पर रोक दिया, जिसके बाद मैनचेस्टर सिटी चैंपियन बन गई। मैनचेस्टर सिटी ने 22 में से 21 मुकाबले खेलकर 52 अंक हासिल किए हैं। दूसरी ओर आर्सेनल को शीर्ष स्थान हासिल करने की उम्मीद बनाए रखने के लिए अपने बाकी बचे चारों मैच जीतने जरूरी थे, लेकिन ब्राइटन के खिलाफ ड्रॉ के बाद उसका सपना टूट गया और खिताब नॉर्थ लंदन के बजाय नॉर्थ-वेस्ट पहुंच



गया। पिछले सप्ताह ओएल लियोनेस के खिलाफ हारकर चैंपियंस लीग सेमीफाइनल से बाहर होने वाली आर्सेनल टीम पर इस मुकाबले में दबाव साफ नजर आया। मैच के पहले हाफ के अंत से ठीक पहले फुका सुनोडा ने गोल कर ब्राइटन को बढ़त दिला दी। हालांकि, नॉर्वे की मिडफील्डर फ्रिडा मानुम ने एक घंटे के खेल के बाद आर्सेनल के लिए बराबरी का गोल दागा, लेकिन टीम अंतिम समय तक जीत दिलाने वाला गोल नहीं कर सकी। इस परिणाम के साथ मैनचेस्टर सिटी ने 10 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद विमेंस सुपर लीग ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया।

# ममता बनर्जी की हार के बाद विवेक अग्निहोत्री का बड़ा खुलासा

## चुनाव में छिपकर लोगों को दिखाई थी 'द बंगाल फाइल्स'

**फिल्ममेकर** विवेक अग्निहोत्री ने पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की हार के बाद एक वीडियो शेयर कर टीएमसी सरकार पर तीखा हमला बोला है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बंगाल चुनाव हारने के बाद विवेक ने इंस्टाग्राम पर एक पुराना वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में उन्होंने बताया कि जब ममता बनर्जी सत्ता में थीं, तब उनकी फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' की रिलीज के दौरान उन्हें किन मुश्किलों का सामना करना पड़ा था।

वीडियो शेयर कर कसा तंज

विवेक अग्निहोत्री ने वीडियो शेयर करते हुए एक लंबा कैप्शन भी लिखा। उन्होंने कहा, 'फिर कभी नहीं। जो लोग नहीं जानते, उनके लिए बता दूं कि ममता बनर्जी ने 'द बंगाल फाइल्स' के रिलीज के बाद मुझे बंगाल में 'बैन' कर दिया



था। फिल्म को सिनेमाघरों से हटा दिया गया और उन्होंने कहा था कि मुझे बंगाल में एंट्री नहीं दी जाएगी।' उन्होंने आगे लिखा, 'पिछले साल 'द बंगाल फाइल्स' को पश्चिम बंगाल में पूरी तरह बैन कर दिया गया। हमारे ट्रेलर लॉन्च को रोक दिया गया। हम पर हमले हुए और मारपीट की गई। मेरे खिलाफ कई एफआईआर दर्ज की गईं। मुझे बंगाल में बैन कर दिया गया। मैं गवर्नर से अपना अवॉर्ड लेने भी नहीं जा सका।'

**छिपकर दिखाई लोगों को फिल्मः** विवेक ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने चुनाव से पहले छिपकर लोगों को 'द बंगाल फाइल्स' दिखाई थी। उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन हमने हार नहीं मानी। इन चुनावों के दौरान हमने कोशिश की कि 'द बंगाल फाइल्स' को बंगाल में ज्यादा से ज्यादा लोगों तक अंडरग्राउंड तरीके से दिखाया जाए।

मुझे खुशी है कि हमने हार नहीं मानी और अपने तरीके से लड़ाई लड़ी। और आखिरकार... यह ऐतिहासिक जीत मिली। बंगाल के लोगों को बधाई। अब आप बिना डर के, सिर ऊंचा करके चल सकते हैं।'

# राजस्थान में फिर बढ़ने लगी गर्मी, 9 मई से लू का नया दौर शुरू होने के आसार

**जयपुर :** राजस्थान में पिछले दिनों चली आंधी-बारिश के बाद अब मौसम एक बार फिर करवट ले रहा है। बुधवार को प्रदेश के अधिकांश जिलों में आसमान साफ रहा और दिनभर तेज धूप खिली, जिससे तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो गई। पश्चिमी राजस्थान के कई जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार प्रदेश में 9 मई से हीटवेव यानी लू का नया दौर शुरू हो सकता है। आगामी दिनों में तापमान 45 से 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना जताई गई है। वहीं भरतपुर और धौलपुर जिलों में बारिश और तेज हवाओं का येलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश का सबसे अधिक तापमान फलोदी में 42.8 डिग्री सेल्सियस मापा गया। जैसलमेर में 42.2 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ। इसके अलावा बाड़मेर में 41.8, पाली में 40.3, बीकानेर में 40.2 और जोधपुर में 40.3 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। जैसलमेर, जोधपुर और बाड़मेर क्षेत्रों में दिनभर हल्की धूलभरी हवाएं चलती रहीं। धूप तेज रहने के कारण कई शहरों में तापमान में करीब तीन डिग्री तक की




बढ़ोतरी हुई। राजधानी जयपुर में बुधवार को मौसम साफ रहा और दिनभर तेज धूप खिली। अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो एक दिन पहले की तुलना में करीब दो डिग्री अधिक रहा। हालांकि वातावरण में नमी और हालिया बारिश के कारण लोगों को फिलहाल चुभती गर्मी से थोड़ी राहत मिली हुई है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले एक सप्ताह में जयपुर का तापमान तेजी से बढ़ सकता है और पारा 41 से 42 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। गर्मी के असर को कम करने के लिए नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों पर पानी का छिड़काव भी किया गया। अजमेर में गर्मी से राहत पाने के लिए लोग वाटर पार्क और ठंडे स्थानों का सहारा लेते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिनों में संभाग के कुछ हिस्सों में तेज हवाओं के साथ आंधी और हल्की बारिश होने की संभावना है। उदयपुर में दिन में गर्मी का असर बढ़ा, लेकिन रात के समय मौसम सुहावना बना रहा। शाम के समय कुछ देर बादल छाने के बाद मौसम फिर साफ हो गया। राहत की बात यह रही कि दिनभर लू नहीं चली। अलवर जिले में हाल ही में हुई बारिश और ओलावृष्टि के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली थी, लेकिन अब उमस और गर्मी फिर बढ़ने लगी है। मौसम विभाग ने जिले में अगले दो दिनों के दौरान आंधी और बारिश की संभावना जताई है। सीकर जिले में पिछले छह दिनों से जारी आंधी और बारिश का सिलसिला अब थम गया है। मौसम साफ होने के साथ ही अधिकतम तापमान में करीब दो डिग्री की बढ़ोतरी हुई। जोधपुर में बुधवार को दिनभर आसमान साफ रहा और तेज धूप खिली रही। फिलहाल शहर में गर्म हवाओं का असर कम है, लेकिन तापमान लगातार बढ़ने लगा है।

कोटा में पिछले दिनों हुई बारिश के कारण वातावरण में हल्की ठंडक बनी हुई है। गर्मी और धूल के असर को कम करने के लिए नगर निगम द्वारा महावीर नगर क्षेत्र में एंटी स्मॉग गन के जरिए सड़कों पर पानी का छिड़काव किया गया।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया जनगणना 2027 के प्रथम चरण का शुभारंभ

# जनगणना केवल हेड काउंट नहीं, यह समग्र और समावेशी विकास का आधार : सीएम योगी

एजेंसी

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रदेश में जनगणना-2027 के प्रथम चरण का औपचारिक शुभारंभ किया। पांच कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने ह्यहमारी जनगणना, हमारा विकासह्ल की भावना के साथ मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना भर नहीं है, बल्कि समग्र, समावेशी और सुनियोजित विकास का सशक्त आधार है। आज का युग डेटा आधारित निर्णयों का है और जनगणना से प्राप्त सटीक आंकड़े आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जनगणना यह सुनिश्चित करने का माध्यम है कि



विकास की धारा में समाज का अंतिम व्यक्ति भी समान रूप से सहभागी बन सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश में पहली बार डिजिटल जनगणना कराई जा रही है। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित कार्य संपादित होंगे। आमजन को 07 मई से 21 मई, 2026 तक स्वगणना का विकल्प उपलब्ध कराया गया है। इसके माध्यम से नागरिक स्वयं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके उपरांत फील्ड कार्य के अंतर्गत जनगणना कार्मिक घर-घर जाकर सूचीकरण का कार्य करेंगे। द्वितीय चरण में प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी। इस बार जनगणना में जातीय गणना को भी सम्मिलित किया गया है। साथ ही पहली बार वन ग्रामों को भी जनगणना प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में रियल टाइम डेटा अत्यंत आवश्यक है। डिजिटल तकनीक के उपयोग से जनगणना प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और त्वरित बनाया गया है। इसके लिए एक विशेष जनगणना पोर्टल विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से ग्राम एवं वार्ड स्तर तक कार्यों की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की वर्तमान अनुमानित जनसंख्या लगभग 25 करोड़ 70 लाख है। जनगणना कार्य प्रदेश के 18 मंडलों, 75 जनपदों, 350 तहसीलों, 17 नगर निगमों, 745 अन्य नगरीय निकायों, 21 छावनी परिषदों, 57 हजार 694 ग्राम पंचायतों तथा लगभग एक लाख चार हजार राजस्व ग्रामों में संपादित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस व्यापक कार्य के सफल संचालन के लिए लगभग 5.47 लाख कार्मिकों की तैनाती की जा रही है, जिनमें 4.50 लाख प्रगणक, 85 हजार सुपरवाइजर तथा 12 हजार राज्य एवं जनपद स्तरीय अधिकारी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त लगभग 5.35 लाख कार्मिकों को दोनों चरणों के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।

## मुख्यमंत्री योगी ने 481 चयनित अभ्यर्थियों को दिये नियुक्ति पत्र

**–मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पारदर्शी प्रक्रिया के तहत हुई भर्ती**



लखनऊ, 07 मई (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को यहां लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में व्यावसायिक शिक्षा विभाग एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के विभाग के नव चयनित 481 कार्मिकों को नियुक्ति पत्र दिए। उप्र लोक सेवा आयोग तथा उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयुष विभाग के लिए चयनित 202 प्रोफेसर/रीडर/चिकित्साधिकारी/स्टॉफ नर्स एवं उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से व्यावसायिक शिक्षा विभाग के लिए चयनित 272 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र दिया गया। वहीं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के लिए चयनित 07 नर्स/हास्टल वार्डन/कंपाउंडर को नियुक्ति पत्र दिया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चयनित अभ्यर्थियों और उनके परिजनों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आपने देखा होगा कि भर्ती की पूरी प्रक्रिया में किसी सिफारिश की जरूरत नहीं पड़ी होगी। आयुष में वेरिफिकेशन में थोड़ा समय जरूर लगा है। किसी भी स्तर पर गड़बड़ी की कोई गुंजाइश हीं थी। नीति और नियत साफ हो तो परिणाम बेहतर होता है। आज उसी परिणाम के तहत यह नियुक्ति पत्र वितरित किया जा रहा है। मुझे प्रसन्नता है कि पिछले नौ वर्षों में हमारी सरकार ने नियुक्ति पत्र वितरण करने में कीर्तिमान स्थापित किया है। पहले कोई सोच नहीं सकता था कि यूपी में इतनी सहजता और सरलता से नियुक्ति पत्र दिया जा सकेगा। पिछले 15 दिन के अंदर यह हमारा चौथा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम है। सरकार की भी कुछ अपेक्षाएं होती है। जब योग्य एवं प्रतिभाशाली युवा शामिल होते हैं तो उस व्यवस्था मे गति आती है। गति जितनी अच्छी होगी प्रगति उतनी तीव्र दिखाई देगी। पहले पैसा लेकर भर्ती की जाती थी। जाति, मत, मजहब, क्षेत्र देखकर भर्तियां होती थीं।

## नेपाल की गूगल क्लाउड के साथ साझेदारी, बीरगंज और काठमांडू में बनेंगे डेटा सेंटर

एजेंसी

**काठमांडू :** अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल क्लाउड के साथ साझेदारी में काठमांडू और बीरगंज में डेटा सेंटर स्थापित किए जाने वाले हैं। नेपाल के औद्योगिक घरानों के संयुक्त निवेश वाली कंपनी ब्लुचीन डेटा वोल्ट ने गूगल क्लाउड के साथ रणनीतिक साझेदारी कर इन डेटा सेंटरों के निर्माण की योजना बनाई है। गूगल क्लाउड कम्प्यूटिंग, डेटा स्टोरेज, डेटा विश्लेषण, मशीन लर्निंग और प्रबंधन से जुड़ी विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराती है। गूगल सर्च और गूगल डॉक्स जैसे लोकप्रिय प्लेटफॉर्म भी इसी क्लाउड अवसंरचना पर आधारित हैं। ब्लुचीन का एक अन्य रणनीतिक साझेदार ताइवान की वीवीडीएन टेक्नोलॉजी है। अमेरिका, यूरोप और एशिया के प्रमुख आईटी हब में मजबूत उपस्थिति रखने वाली यह कंपनी ब्लुचीन के लिए उन्नत कम्प्यूटिंग प्रणाली, लिक्विड कूलिंग समाधान तथा सर्वर रैक से जुड़ी तकनीकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराएगी। काठमांडू में आगामी अगस्त से डेटा सेंटर संचालन में लाने




की तैयारी चल रही है। इसी सिलसिले में गूगल और वीवीडीएन टेक्नोलोजी के प्रतिनिधि काठमांडू पहुंच चुके हैं। आज ब्लुचीन डेटा वोल्ट माइक्रोन और एएमडी जैसे अंतरराष्ट्रीय साझेदारों की उपस्थिति में इस परियोजना की औपचारिक घोषणा की जाएगी। नेपाल में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में हाल के समय में निवेश बढ़ता दिखाई दे रहा है। बालेन्द्र शाह सरकार बनने के बाद आईटी उद्योग को प्राथमिकता दिए जाने का असर अब विदेशी और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के निवेश में भी देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में फेसबुक की मातृ कंपनी मेटा नेपाल की इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनी वर्ल्ड लिंक कम्युनिकेशन के साथ साझेदारी में डेटा सेंटर निर्माण की तैयारी कर रही है। इससे नेपाल में डिजिटल अवसंरचना, क्लाउड सेवा और डेटा सुरक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## आपरेशन सिन्दुर भारत के संकल्प, सटीकता और शक्ति का सशक्त प्रतीक : मोहन माझी

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने गुरुवार को आपरेशन सिन्दुर को ह्लनए भारत के संकल्प, सटीकता और शक्ति का सशक्त प्रतीकह्व बताते हुए कहा कि इस अभियान ने भारत की संप्रभुता और सुरक्षा के खिलाफ किसी भी खतरे के प्रति कड़ा संदेश दिया है।

ऐतिहासिक अभियान के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुख्यमंत्री ने भारतीय सशस्त्र बलों के वीर जवानों के प्रति गहरा सम्मान और आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जवानों का साहस, पराक्रम और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण देश की संप्रभुता, सुरक्षा और राष्ट्रीय गौरव की निरंतर रक्षा कर रहा है।

सोशल मीडिया पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि आपरेशन सिन्दुर ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत की संप्रभुता और सुरक्षा को चुनौती देने वाली किसी भी ताकत का निर्णायक जवाब दिया जाएगा। उन्होंने सशस्त्र बलों की राष्ट्र रक्षा के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता की सराहना की।

# हिमाचल में पंचायत चुनावों के लिए नामांकन शुरू, तीन चरणों मे होगा मतदान

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों के लिए गुरुवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के तय कार्यक्रम के तहत उम्मीदवार आज 7, 8 और 11 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 14 और 15 मई को उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। 15 मई को ही अंतिम उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी जाएगी। प्रदेश की 3754 पंचायतों में होने वाले इन चुनावों को सत्ता के ह्लसेमिफाइनलह्व के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि माना जाता है कि पंचायत चुनावों में मजबूत पकड़ बनाने वाले नेताओं की राह आगे विधानसभा चुनावों में भी आसान हो जाती है। यही वजह है कि सत्ताधारी कांग्रेस और विपक्षी




भाजपा दोनों दल पंचायत स्तर तक पूरी ताकत झोंके हुए हैं। इस बार पंचायत चुनावों में कई दिलचस्प तस्वीरें भी सामने आई हैं। सरकारी सेवाओं से सेवानिवृत्त कर्मचारी और अधिकारी भी चुनावी मैदान में उतर चुके हैं। कई पूर्व अधिकारी पंचायत प्रधान पद के लिए अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर राजनीतिक दलों के भीतर गुटबाजी भी खुलकर दिखाई दे रही है। कई जगहों पर ऐसे नेताओं ने अपने समर्थित उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं, जो पार्टी के दूसरे धड़ों से नाराज बताए जा रहे हैं। इससे कांग्रेस और भाजपा दोनों की चिंता बढ़ी हुई है।राज्य में कुल 31 हजार से ज्यादा पदों के लिए चुनाव होने हैं। इनमें पंचायत सदस्य, प्रधान, उपप्रधान, पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्य शामिल हैं। लगभग हर पंचायत में वार्ड सदस्य से लेकर प्रधान और जिला परिषद तक के पदों पर कई उम्मीदवार चुनावी रण में उतर चुके हैं। हालांकि स्थानीय स्तर पर उम्मीदवारों के चयन में राजनीतिक दलों और प्रभावशाली नेताओं की भूमिका साफ दिखाई दे रही है। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार राज्य में पहले चरण का मतदान 26 मई, दूसरे चरण का 28 मई और तीसरे चरण का मतदान 30 मई को होगा। पंचायत प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्य पदों के परिणाम मतदान के तुरंत बाद घोषित किए जाएंगे। वहीं जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना 31 मई को होगी। इसी दिन चार नगर निगमों सोलन, पालमपुर, धर्मशाला और मंडी में 17 मई को होने वाले चुनावों की मतगणना भी करवाई जाएगी।

# मप्रः मुख्यमंत्री आज सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के प्रथम जत्थे को हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

– मध्य प्रदेश से पहली बार जा रहा 1100 श्रद्धालुओं का दल

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज गुरुवार को भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 1 से 'सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा' के प्रथम जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। संस्कृति संचालक एनपी नामदेव ने बताया कि संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित यह गौरवशाली यात्रा 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अंतर्गत निकाली



जा रही है। भारत की सांस्कृतिक चेतना, आस्था और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक सोमनाथ स्वाभिमान पर्वझ2026 (8 से 11 जनवरी 2026) का शुभारंभ ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर से किया गया है। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश से पहली बार निकलने वाली इस विशेष यात्रा में प्रदेश के विभिन्न अंचलों से 1,100 श्रद्धालुओं का दल सम्मिलित होगा। यह रेलगाड़ी भोपाल और उज्जैन रेलवे स्टेशनों से भी तीर्थयात्रियों को अपने साथ लेकर सोमनाथ की ओर प्रस्थान करेगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु सोमनाथ की पावन धरा पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, दर्शन और आध्यात्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता करेंगे। संस्कृति संचालक नामदेव ने बताया कि 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' का उद्देश्य देशभर के राज्यों के माध्यम से भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान, हजार वर्षों के संघर्ष और आस्था का स्मरण करना है। यह उत्सव राष्ट्र की गौरवमयी विरासत के उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। यह पर्व केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना के पुनरुत्थान और राष्ट्रीय अस्मिता का महाकुंभ है। इसका उद्देश्य देशवासियों को उन हजार वर्षों के लंबे संघर्ष और आस्था की याद दिलाना है, जिसने विपरीत परिस्थितियों में भी भारतीय सांस्कृतिक ज्योति को बुझने नहीं दिया। सोमनाथ मंदिर, जो हमारे राष्ट्रीय गौरव और अडिग श्रद्धा का प्रतीक है, वहीं से इस पावन पर्व की प्रेरणा ली गई है जिससे भावी पीढ़ी अपनी विरासत पर गर्व कर सके।मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में निकाली जा रही यह यात्रा प्रदेश की सांस्कृतिक एकता और राष्ट्रीय भावना को और अधिक सशक्त करेगी। श्रद्धा और भक्ति के इस अनूठे संगम का समापन 11 मई, 2026 को होगा, जब यह दल सोमनाथ महादेव का आशीर्वाद और सांस्कृतिक गौरव की स्मृतियां लेकर वापस लौटेगा।

## न्यूज IN ब्रीफ

### पंजाब में हुए दोहरे ब्लास्ट के बाद जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

**जम्मू :** पंजाब के जालंधर और अमृतसर में हुए दोहरे ब्लास्ट के बाद पूरे उत्तर भारत में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। सीमावर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर में भी सुरक्षा व्यवस्था को बेहद कड़ा कर दिया गया है। खुफिया एजेंसियों ने संवेदनशील इलाकों में सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इसी बीच ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ के मौके पर जम्मू में जम्मू-कश्मीर पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने बड़े स्तर पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। शहर और आसपास के संवेदनशील इलाकों में लगातार तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुपकमांडो संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं और कई इलाकों में वाहन जांच, पहचान सत्यापन और डोमिनेशन पेट्रोलिंग को तेज कर दिया गया है। सुरक्षा एजेंसियां खास तौर पर भीड़भाड़ वाले बाजारों, धार्मिक स्थलों, बस अड्डों और प्रवेश मार्गों पर निगरानी रख रही हैं। शहर के अलग-अलग हिस्सों में लगाए गए कैमरों और अन्य सर्विलांस सिस्टम के जरिए चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है। कंट्रोल रूम से लाइव मॉनिटरिंग के माध्यम से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है ताकि किसी भी संदिग्ध मूवमेंट पर तुरंत कार्रवाई हो सके। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार पंजाब में हुए दोहरे ब्लास्ट के बाद सीमा पार से ड्रोन गतिविधियों और संदिग्ध मूवमेंट पर भी सुरक्षा एजेंसियां विशेष नजर रख रही हैं।

### अफीम की अवैध खेती के कई मामलों में दस लोग गिरफ्तार

**अनंतनाग :** नशीले पदार्थों की खेती और नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों के खिलाफ अपनी गहन कार्रवाई जारी रखते हुए अनंतनाग पुलिस ने जिले भर में दर्ज अफीम की अवैध खेती के कई मामलों में शामिल दस लोगों को गिरफ्तार किया है। मट्टन पुलिस स्टेशन में जी नबी मीर पुत्र जी अहमद मीर निवासी नानील को एफआईआर संख्या 47/2026 धारा 8/18 एनडीपीएस अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। यह मामला पुलिस द्वारा राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में किए गए संयुक्त सत्यापन के दौरान पकड़ी गई अफीम की अवैध खेती से संबंधित है। लारनू पुलिस स्टेशन ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनकी पहचान जी.एच. अहमद शेख उर्फ अमा खुजा (पुत्र मोहम्मद रमजान शेख, निवासी देस्सू) के रूप में हुई है जो एफआईआर संख्या 24/2026 (धारा 8/18 एनडीपीएस अधिनियम के तहत) में शामिल हैं और निसार अहमद बेग (पुत्र अब्दुल कुदूस बेग, निवासी खेती लारनू) के रूप में हुई है जो एफआईआर संख्या 22/2026 (धारा 8/18 एनडीपीएस अधिनियम के तहत) में शामिल हैं। इसी बीच कोकरनाग पुलिस स्टेशन ने अवैध अफीम की खेती से संबंधित तीन अलग-अलग एनडीपीएस मामलों में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में नाजिर अहमद भट, बिलाल अहमद भट, मोहम्मद अमीन भट, रियाज अहमद भट, शकील अहमद वानी, फारूक अहमद वानी और एक अन्य नाजिर अहमद भट शामिल हैं जो कोकरनाग के सागम और पंजगम क्षेत्रों के निवासी हैं। सभी आरोपियों को कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया है और मामलों में आगे की जांच जारी है।

### हरियाणा के कॉलेजों में दाखिले शुरू, उच्चतर शिक्षा विभाग ने खोला पोर्टल

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के कॉलेजों में गुरुवार से स्नातक कक्षाओं के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यार्थी 31 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को ही एडमिशन प्रक्रिया में शामिल होने का मौका दिया जाएगा। हरियाणा में कुल 187 गवर्नमेंट कॉलेज, 96 एडिड कॉलेज व 94 प्राइवेट कॉलेज हैं। जिनमें स्नातक में दाखिले के प्रक्रिया शुरू की गई है। इससे पहले कॉलेजों ने सीटों का ब्योरा पोर्टल पर अपडेट कर दिया है। लगभग सभी कॉलेजों में बीए के लिए सर्वाधिक सीटें उपलब्ध हैं। इसके अलावा विद्यार्थियों के लिए बीकॉम, बीसीए, बैचलर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंसिज, बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिकल साइंसिज आदि कोर्स प्रोग्राम भी संचालित किए जा रहे हैं। विभागीय शेड्यूल अनुसार कॉलेज प्रोफाइल भरने की प्रक्रिया 17 अप्रैल से 25 अप्रैल तक चली। इसके बाद 7 मई से 31 मई तक ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण किया जा सकेगा। आवेदन फॉर्म में सुधार (ओटीपी के जरिए) 1 जून तक किया जा सकेगा। सभी आवेदकों की सूची 2 जून को जारी की जाएगी। जिसमें संभावित आपत्तियां या त्रुटियां भी दर्शाई जाएंगी। कॉलेजों द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन और छात्रों द्वारा आपत्तियों का निवारण 9 मई से 6 जून तक किया जाएगा। पात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची के लिए प्रारंभिक सूची 8 जून को जारी होगी। पहली मेरिट लिस्ट (फेज-1) की प्रोविजनल सूची 10 जून को और फाइनल सूची 11 जून को जारी होगी। फीस जमा करने की अंतिम तिथि 12 जून से 15 जून तक निर्धारित है। दूसरी मेरिट लिस्ट (फेज-टू) की प्रोविजनल सूची 16 जून को और फाइनल सूची 17 जून को जारी की जाएगी। इसके लिए फीस 18 जून से 22 जून तक जमा की जा सकेगी। वहीं तीसरे चरण में फिजिकल काउंसलिंग का प्रावधान है। खाली सीटों के लिए काउंसलिंग 24 जून को होगी। इसके बाद 25 जून को पोर्टल नए पंजीकरण या फॉर्म एडिट के लिए दोबारा खुलेगा। 26 जून से 2 जुलाई तक 100 रुपए लेट फीस के साथ और 3 जुलाई से 10 जुलाई तक प्रतिदिन अतिरिक्त 100 रुपए लेट फीस के साथ काउंसलिंग होगी।

### हमीरपुर नाव हादसा: लापता लोगों की जल्द हो तलाश, बचाव कार्यों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : योगी आदित्यनाथ

**हमीरपुर :** उत्तर प्रदेश के जनपद हमीरपुर के कुरारा क्षेत्र में नाव पलटने की घटना में लापता लोगों की जल्द से जल्द तलाश की जाए और बचाव व राहत कार्य युद्धस्तर पर संचालित किए जाएं। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और वरिष्ठ अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचकर कार्यों की निगरानी करें। यह निर्देश बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिए।

हमीरपुर के कुरारा क्षेत्र में हुए नाव हादसे का मुख्यमंत्री ने तत्काल संज्ञान लिया। घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाई जाए और सभी एजेंसियां समन्वय बनाकर काम करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि पीड़ितों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए और घायलों का समुचित उपचार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही लापता लोगों की खोज के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा गया है। उन्होंने जिला प्रशासन को दुर्घटना के कारणों की गहन जांच करने और भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन को स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने को भी कहा गया है।

## हंटरगंज में शार्ट सर्किट से मकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

### पीड़ित ने प्रशासन को पत्र लिखकर की मुआवजे की मांग



**संवाददाता**

**चतरा:** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के गोदोबार गांव के एक मकान में बुधवार की सुबह उस वक्त अफरा तफरी मच गई जब शॉर्ट सर्किट से एक मकान के कमरे में अचानक आग लग गई।जिससे की मकान के एक कमरे में रखे समान समेत कागजात जलकर खाक हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक बिजली के तारों से उठी चिंगारी ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। जब तक मकान में रह रहे और आसपास के लोग कुछ समझ पाते, तब तक आग पूरे कमरा में फैल चुकी थी।स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, हालांकि तब तक कमरा का आधा से अधिक सामान, जरूरी कागजात और कीमती वस्तुएं जल चुकी थीं। हालांकि गनीमत रही कि घटना के समय सभी परिवार की सदस्य कमरा से बाहर थे।घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन स्थानीय लोगों की मदद से आग पहले ही बुझाई जा चुकी थी। पीड़ित नागेंद्र कुमार पांडे ने भावुक होकर बताया कि वह सुधीर सिंह के मकान में किराया पर रहता हैं। उनकी पत्नी जेएसएलपीएस में कार्यरत है। उन्होंने आगे बताया कि रोजी रोटी के तलाश में यहां रह रहा था, अचानक इस हादसे में मेरे कमरा में रखे फ्रीज,कूलर,कपड़ा, अनाज, समेत अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज भी आग की भेंट चढ़ गए। जिसमें लगभग एक लाख का नुकसान हुआ है।परिवार के सामने अब रोजमर्रा की जरूरतों का भी संकट खड़ा हो गया है।पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द आर्थिक सहायता और मुआवजा दिया जाए, ताकि वे अपनी जिंदगी को फिर से संभाल सकें।

### अल्ट्रासाउंड जांच के दौरान महिला की मृत्यु मामले में जिला प्रशासन की त्वरित कार्रवाई

# प्राथमिकी दर्ज, क्लिनिक सील करने व पारिवारिक लाभ देने का निर्देश

**गोड्डा:** 6 मई को मीरा मालतो, उम्र 27 वर्ष, ग्राम-कुसुमघाटी, बोआरीजोर का सुन्दरपहाड़ी प्रखण्ड अन्तर्गत सारेय टोला, केड़ो (बांसजोरी जागीर) स्थित सन लाईफ हेल्थ केयर में मृत्यु होने की की सूचना प्राप्त होने पर जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त, गोड्डा लोकेश मिश्रा ने मामले का त्वरित संज्ञान लिया।

घटना को अत्यंत गंभीर मानते हुए उपायुक्त द्वारा संबंधित संस्थान की कार्यप्रणाली, चिकित्सकीय व्यवस्थाओं, उपलब्ध संसाधनों एवं आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधा की विस्तृत जांच करने का निर्देश सिविल सर्जन, गोड्डा को दिया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सुंदरपहाड़ी द्वारा संबंधित संस्थान के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। साथ ही सन लाईफ हेल्थ केयर, मेन रोड़, सारेय टोला, केड़ो (बांसजोरी जागीर) को दण्डाधिकारी की उपस्थिति में सील कराई गई। उपायुक्त द्वारा



मृतक के परिजनों को सामाजिक सुरक्षा योजनांतर्गत पारिवारिक लाभ उपलब्ध कराने हेतु भी निर्देश दिया गया है। इसके आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, बोआरीजोर द्वारा पारिवारिक लाभ योजना के तहत सहायता उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए गोड्डा जिला में बिना निबंधन के अवैध रुप से संचालित निजी हॉस्पीटल, क्लीनिक, नर्सिंग होम, डायग्नोस्टिक सेंटर, पैथोलॉजी लैब, अल्ट्रासाउण्ड सेंटर आदि का सघन जाँच करने हेतु सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी को आदेश दिया गया है।

उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि जांच के दौरान यदि किसी प्रकार की चिकित्सकीय लापरवाही, नियमों के उल्लंघन अथवा अनियमितता की पुष्टि होती है, तो संबंधित दोषियों के विरुद्ध कठोर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा आश्वस्त किया गया है कि पूरे मामले में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाएगी तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने हेतु हरसंभव कदम उठाए जाएंगे। भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उद्देश्य से स्वास्थ्य संस्थानों की नियमित निगरानी एवं जांच व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा।

### जैक इंटर रिजल्टः सिताडीह की निभा ने किया कमाल

## प्रखंड में टॉप, जिले में मिला सातवां स्थान

**मेट्रोरेज संवाददाता**

**पलामू :** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सिताडीह की होनहार छात्रा निभा कुमारी ने इंटरमीडिएट (आर्ट्स) परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 441 अंक प्राप्त किया है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के साथ उन्होंने नीलांबर-पीताम्बरपुर प्रखंड में पहला स्थान हासिल किया है, वहीं जिले में सातवां स्थान प्राप्त कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

निभा कुमारी, पिता बसंत राम, की इस सफलता से पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से यह साबित कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्र के



छात्र-छात्राएं भी उच्च उपलब्धि हासिल कर सकते हैं।

बताया जाता है कि निभा कुमारी राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय, लेस्लीगंज की छात्रा हैं। उनकी इस सफलता से विद्यालय का भी मान बढ़ा है। शिक्षकों और ग्रामीणों ने निभा की इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

निभा कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और नियमित अध्ययन को दिया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

### पलामू संसदीय क्षेत्र के यात्रियों को सौगात

## जयपुर के लिए मिली संतरागाछी -खाटीपुरा एक्सप्रेस सीधी नई ट्रेन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मेदिनी नगर :** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों, दृढ़ संकल्प का परिणाम है कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दोनों जिले क्रमशः पलामू एवं गढ़वा की जनता को संतरागाछी, टाटानगर से रॉची, डालटनगंज, गढ़वा रोड, मिजार्पुर, प्रयागराज होते हुए खाटीपुरा जयपुर (राजस्थान) तक साप्ताहिक संतरागाछी खाटीपुरा एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18061/18062 के परिचालन को रेलवे बोर्ड के द्वारा आज स्वीकृति प्रदान की गयी है। यह नई ट्रेन पलामू एवं गढ़वा जिलों के लाखों नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। पलामू एवं गढ़वा के लोगों को जयपुर के लिए आवागमन की



यात्रा सुगम होगा।

उक्त नई ट्रेन के परिचालन हेतु माननीय सांसद जी ने लोकसभा में नियम 377 एवं शून्यकाल के दौरान प्रभावी ढंग से मामले को उठाया एवं रेल मंत्रालय के समक्ष लिखित एवं मौखिक रूप से इस विषय को रखा तथा मंडल एवं जोनल स्तर की बैठकों में भी लगातार मामले को उठाया। इसके अतिरिक्त, व्यक्तिगत रूप से रेल मंत्री जी से मुलाकात कर पलामू संसदीय क्षेत्र की जनभावनाओं से अवगत कराया तथा शीघ्र स्वीकृति की मांग किया था।

इससे पलामू एवं गढ़वा क्षेत्र की रेल संपर्क व्यवस्था सुदृढ़ होगी एवं क्षेत्र के समग्र विकास को बल मिलेगा। बहुत जल्द इस नई ट्रेन के शुभारंभ हेतु एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्वयं उपस्थित रहकर क्षेत्रवासियों को समर्पित करेंगे। यह पलामू संसदीय क्षेत्र के विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए सांसद ने पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से देश के लोकप्रिय एवं दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया ।

### चक्रधरपुर नगर परिषद

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर शहर में चला रहा जागरूकता अभियान कार्यक्रम




**संवाददाता**

**चक्रधरपुरः** चक्रधरपुर नगर परिषद द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर शहर में जागरूकता अभियान तेज कर दिया गया है। इस कड़ी में जगह-जगह बैनर-पोस्टर लगाकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस संबंध में नगर उपाध्यक्ष विजय कुमार साव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 हमारे शहर की प्रतिष्ठा का सवाल है। पिछली बार की कमियों से सीख लेते हुए इस बार हमें राष्ट्रीय स्तर पर चक्रधरपुर का नाम रोशन करना है। उन्होंने सभी नगरवासियों, सामाजिक संगठनों, व्यापार मंडलों और वार्ड पार्षदों से अपील की कि वे अपने घर, गली और मुहल्ले को साफ रखें। कचरा केवल निर्धारित स्थान पर ही डालें। नगर परिषद द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई और मुख्य मार्गों की नियमित धुलाई का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। श्री साव ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में नागरिक फीडबैक का बड़ा महत्व है। सभी नागरिक स्वच्छता एप डाउनलोड कर चक्रधरपुर को अच्छी रेटिंग दें और अपनी शिकायतें भी दर्ज करें। शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए दुकानदारों और आम लोगों से कपड़े या जूट के थैले का उपयोग करने का आग्रह किया गया। नगर उपाध्यक्ष ने कहा, स्वच्छ चक्रधरपुर, स्वस्थ चक्रधरपुर का सपना तभी पूरा होगा जब हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझेगा। आइए, हम सब मिलकर संकल्प लें कि इस बार स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में चक्रधरपुर को झारखंड ही नहीं, देश के सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल कराएंगे।

## हुसैनाबाद गर्ल्स उच्च विद्यालय की छात्रा आफरीन प्रवीण बनी कॉमर्स में जिला टॉपर





- पल्स टू उच्च विद्यालय संडा के छात्र उत्तम राज विज्ञान संकाय में 473 अंक लाकर बने प्रखंड टॉपर
- कला संकाय में शहीद भगत सिंह महाविद्यालय के छात्र यस कुमार व गर्ल्स हाई स्कूल की छात्रा 449 अंक लाकर बनी प्रखंड टॉपर

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा घोषित इंटरमीडिएट परीक्षा के परिणामों में हुसैनाबाद प्रखंड के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्रखंड के अपग्रेड प्लस टू हाई स्कूल संडा विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता की नई इबारत लिखी है।?इस वर्ष के परिणामों में विज्ञान संकाय में उत्तम राज पिता शनि कुमार दास ने 473 अंक प्राप्त कर हुसैनाबाद प्रखंड टॉपर बनते हुए जिला में छवा स्थान बनाया है।वही शहीद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय के यस कुमार ने कला संकाय में 449 अंक प्राप्त कर जिला में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।जबकि वाणिज्य संकाय में सुनीत राणा ने 444 अंक प्राप्त कर जिला आठवा स्थान प्राप्त किया है।जबकि प्लस टू राजकीय कृत गर्ल्स हाई स्कूल के वाणिज्य संकाय में जिला टॉप टेन में आफरीन प्रवीण ने 466 अंक प्राप्त कर प्रथम ,रौशनी कुमारी ने 465 अंक प्राप्त कर दूसरा एवम खुशी कुमारी शर्मा ने 459 अंक प्राप्त कर जिला में तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए अपने विद्यालय का नाम रोशन किया।

विद्यार्थियों की इस अभूतपूर्व सफलता पर शैक्षणिक जगत और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। एसबीएस महाविद्यालय के प्राचार्य अरबिंद सिंह,संडा उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्रीकांत पांडेय, प्लस टू गर्ल्स हाई स्कूल के प्रधानाचार्य प्रेम प्रकाश सिंह,शिक्षक जितेंद्र पाल,मालविका ,अंशुल सिन्हा,संजय सिंह,कंचन कुमार सिंह समेत ?क्षेत्र के कई प्रबुद्ध नागरिकों और सामाजिक कार्यकताओं ने इन मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद हुसैनाबाद के बच्चों ने जिला स्तर पर अपनी पहचान बनाई है, जो क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

## जनता का विश्वास ही मेरी ताकत, चक्रधरपुर के सर्वांगीण विकास के लिए रहूंगा समर्पितः सन्नी उरांव



**चक्रधरपुरः** नगर परिषद अध्यक्ष सन्नी उरांव का जन्मदिन आज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उनके आवास और विधायक कार्यालय में सुबह से ही बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। फूलों के गुलदस्ते और मालाओं के साथ पहुंचे समर्थकों, प्रबुद्ध नागरिकों और आम जनता का अभिवादन स्वीकार करते हुए सन्नी उरांव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

**विकास ही सर्वोच्च प्राथमिकता:** उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सन्नी उरांव ने कहा, जनता का विश्वास ही मेरी असली ताकत है। मेरा लक्ष्य केवल पद पर बने रहना नहीं, बल्कि चक्रधरपुर के हर घर तक विकास की किरण पहुँचाना है। नगर परिषद क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति को सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ मिले, इसके लिए मैं और मेरी पूरी टीम निरंतर प्रयास कर रही है।

**चक्रधरपुर के भविष्य पर विजनः** नगर के विकास पर चर्चा करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में बुनियादी ढांचे, स्वच्छ पेयजल, बेहतर ड्रेनेज सिस्टम और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा, हमारा संकल्प चक्रधरपुर का सर्वांगीण विकास है, ताकि यह नगर पूरे क्षेत्र के लिए एक आदर्श मिसाल बन सके।

?उत्साह का माहौलः जन्मदिन के मौके पर शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी शिरकत की। समर्थकों ने उनके दीर्घायु होने की कामना की और उनके नेतृत्व में नगर परिषद के विकास कार्यों की सराहना की। इस दौरान सन्नी उरांव ने उपस्थित युवाओं से अपील की कि वे भी समाज और नगर के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

# कभी बिहार-झारखंड का बड़ा पशु बाजार रहा यादव नगर टंडवा आज बुनियादी सुविधाओं के अभाव में खो चुका है रौनक

**प्रवीण सिंह**

**चतराः** जिले के प्रतापपुर प्रखंड के टंडवा स्थित यादव नगर बाजार कभी इलाके की पहचान हुआ करता था। वर्ष 1984 में स्व. विक्रम सहदेव अंगार द्वारा इस बाजार की शुरूआत की गई थी। उस दौर में यह बाजार सिर्फ चतरा या आसपास के जिलों तक सीमित नहीं था, बल्कि बिहार, झारखंड समेत दूसरे प्रदेशों से भी व्यापारी यहां पशुओं की खरीद-बिक्री के लिए पहुंचते थे। हर गुरुवार को लगने वाला यह बाजार इलाके की आर्थिक गतिविधियों का बड़ा केंद्र माना जाता था। बाजार की पहचान खास तौर पर पशु हाट के रूप में थी। दूर-दूर से व्यापारी बैल, गाय, भैंस और अन्य मवेशियों की खरीदारी के लिए यहां आते थे। बाजार में इतनी भीड़ होती थी कि आसपास की सड़कें तक जाम हो जाती थीं। स्थानीय दुकानदारों की अच्छी कमाई होती थी और ग्रामीण



अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती थी। उस समय यादव नगर बाजार टंडवा की शान माना जाता था। लेकिन समय के साथ बाजार की स्थिति बदलती चली गई। अब यहां पहले जैसी रौनक देखने को नहीं मिलती। पहले जहां दूसरे राज्यों से व्यापारी पहुंचते थे, वहीं अब केवल आसपास के गांवों और प्रखंडों के लोग ही बाजार तक सीमित रह गए हैं। पशुओं की खरीद-बिक्री भी काफी कम हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार को व्यवस्थित करने और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कभी गंभीर पहल नहीं हुई।सबसे बड़ी समस्या पानी की किल्लत है। बाजार में आने वाले व्यापारियों और ग्रामीणों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ता है। गर्मी के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है। बाजार परिसर में पानी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों को दूर-दूर तक भटकना पड़ता है। पशुओं के लिए भी पानी उपलब्ध नहीं हो पाता, जिससे व्यापारियों की परेशानी बढ़ जाती है।

स्थानीय दुकानदारों और ग्रामीणों का कहना है कि यदि बाजार में पेयजल, शौचालय, शेड और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाएं विकसित की जाएं तो एक बार फिर बाजार अपनी पुरानी पहचान हासिल कर सकता है। लोगों का मानना है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की पहल से यादव नगर बाजार को फिर से व्यवस्थित और आकर्षक बनाया जा सकता है। चार दशक पहले जिस बाजार ने इलाके की अर्थव्यवस्था को नई पहचान दी थी, वह आज बुनियादी सुविधाओं के अभाव में अपनी रौनक खोता जा रहा है। अब लोगों की निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि आखिर कब इस ऐतिहासिक बाजार की सुध ली जाएगी।